हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 2 दिसंबर 2024


तापमान

अधिकतम 26.8 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


08 आजीविका मिशन के तहत ग्रामीणों को दिया प्रशिक्षण





09 सद्भावना व सत्प्रवृत्तियों की जननी है गायत्रीः पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज






# स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित होगा रूगंटा खेल एकादमी

## दक्षिण अफ्रीका के जाने माने क्रिकेट आलराउंडर जोंटी रोड्स ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी और फिल्डिंग में चीता के रूप में पहचान बनाने वाले जोंटी रोड्स ने रविवार को संजय रूंगटा क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन किया। यहां पर प्रैक्टिस मैच खेलने के लिए दो पिच और प्रैक्टिस करने के लिए 4 और एक सीमेंट पिच बनाया गया है। शिक्षाधानी को स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने की दिशा में यह पहल की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य शहरी के साथ-साथ ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारना है। स्कूल स्तर के प्रतिभावान बच्चों की पौध इस अकादमी में तैयार होगी। इसके लिए पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान की अकादमी गोविंद चौहान अकादमी से अनुबंध किया गया है। प्रतिभावान खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। संजय रूंगटा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को क्रिकेट की निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। यहां के बच्चों को बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबॉल और बॉस्केटबॉल का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### छह महीने में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का होगा मैदान

उद्घाटन के अवसर पर संस्था के चेयरमैन संजय रूंगटा ने कहा कि क्रिकेट अकादमी खोलने का मेरा सपना आज पूरा हो गया। यह मैदान आने वाले 6 महीने में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बन जाएगा। फ्लड लाईट की सुविधा भी देंगे। खिलाड़ियों को सारी सुविधाएं मिलेगी। कोई भी प्रतिभावान खिलाड़ी की प्रतिभा आर्थिक तंगी की वजह से नहीं पिछड़ेगी। इसी वजह से दो उद्योगपतियों को भी संस्था से जोड़ा गया है। बीईसी के चेयरमैन विजय गुप्ता ने कहा कि भिलाई की पहचान एजुकेशन हब के रूप में हैं। अब खेल प्रतिभाएं भी सामने आएंगी। कार्यक्रम को आईजी रामगोपाल गर्ग ने भी संबोधित किया। इससे पहले पूर्व अंतराराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान ने संस्था का प्रतिवेदन रखा। अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. प्रमोद शंकर शर्मा, अरविंद वर्मा, पुलिस अधीक्षक जीतेंद्र शुक्ला, डॉ. जवाहर सुरीशेट्टी आदि उपस्थित थे।



### वार्षिकोत्सव में उपमुख्यमंत्री साव और विधायक रिकेश हुए शामिल

शाम को रूगंटा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव हुआ। मुख्यअतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव थे। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इसके बाद उनके हाथों पिछले साल खेलकूद, कला और संस्कृति समेत विभिन्न इवेंट्स में अपनी प्रतिभा का परिचय देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन उपस्थित थे । उन्होंने खेलकूद की दिशा में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों को लगातार अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

### भारतीय संस्कृति से परिचित हुए

संजय रूंगटा पब्लिक स्कूल में छोटे बच्चों ने भारतीय इतिहास, भारतीय संस्कृति, माइथोलॉजी, भारतीय नृत्य, भारतीय संगीत समेत अन्य सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई । अकादमी का उद्घाटन बाद जोंटी रोड्स इन स्टॉलों में जाकर बच्चों से मुलाकात की। यहां देश की विविधता में एकता का संदेश देते बच्चे भारत के विभिन्न राज्यों में पहने जाने वाले पारंपरिक पोषाक पहने थे। कुछ बच्चों ने राम और कृष्ण का भी रूप धारण किया था।



### खेल से जुड़े रहना जरूरी : रोड्स

दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट आलराउंडर जोंटी रोड्स ने कहा कि हर व्यक्ति को किसी न खेल से जरूर जुड़े रहना चाहिए। इससे न केवल शारीरिक तंदुरुस्ति बनी रहती है, बल्कि मानसिक मजबूती भी बनी रहती है। इससे त्वरित निर्णय लेने का हौसला भी रहता है। जरूरी नहीं है कि हर कोई बल्लेबाज या गेंदबाज ही बने। अच्छा क्षेत्ररक्षण करके भी मैच जिताने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। क्रिकेट एक टीम गेम है। इसमें सभी बल्लेबाज, गेंदबाद, विकेट कीपर और क्षेत्ररक्षक का योगदान रहता है। अच्छा क्षेत्ररक्षक कुछ बाउंड्री रोककर और गेंदबाज को सपोर्ट कर टीम में अपना योगदान देता है।

## खबर संक्षेप

### मंच व सर्वसमाज का धरना प्रदर्शन कल

**भिलाई**। भिलाई सेक्टर-4 में हिन्दू रक्षा मंच एवं सर्व समाज के संयुक्त तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। जिसमे सभी सामाजिक संगठनों के समाज प्रमुख, धार्मिक प्रमुख, प्रबुद्ध वर्ग ने बांग्लादेश में हिंदुओं एवं अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार व स्वामी चिन्मय प्रभु के गिरफ्तारी पर अत्यंत चिंता व्यक्त की। इस हिंसा के विषय को लेकर हिन्दू रक्षा मंच व सर्व समाज जिला दुर्ग द्वारा 3 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग में आक्रोश रैली एवं धरना प्रदर्शन रखा गया है।

### कांजी हाउस में चारा देकर कर सकते हैं सेवा

**भिलाई**। नगर निगम भिलाई द्वारा आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के पहल पर कांजी हाउस के पशुधन को पर्याप्त चारा मिले इसीलिए गांव क्षेत्र से निःशुल्क चारा मंगाया जा रहा है। ज नगर निगम भिलाई में दो काजी हाउस संचालित हो रहे हैं। डी मार्ट एवं कोसानाला भिलाई रेलवे स्टेशन के पास। पशुओं को पर्याप्त चारा मिले इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र से खेत से सीधे चारा मंगाया जा रहा है। कोई भी किसान दान स्वरूप सहयोग रूप से अपने खेत से पैरा दे सकता है। नगर निगम भिलाई की गाड़ी जाएगी वहां से चारा लेकर आएगी। नगर निगम भिलाई का प्रयास चल रहा है पर्याप्त मात्रा में पैरा, कुट्टी काजी हाउस में रख दिया जाए। जिससे पशुओं को चारा पानी का तकलीफ ना हो। जो भी किसान फार्म हाउस के मालिक पशु चारा देना चाहते हैं। वे नगर निगम भिलाई के नोडल अधिकारी अनिल सिंह मोबाइल नंबर 98261690 14 पर कॉल करके सहयोग कर सकते हैं। गौरतलाप है कि सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पड़कर नगर निगम भिलाई के शहरी काजी हाउस में रखा गया है। पशुओं के चारे पानी एवं दवाई की व्यवस्था शासकीय स्तर पर किया जाता है। अभी खेतों की कटाई हुई है, खेत में किसानों के पास पर्याप्त मात्रा में चारा रहता है। निगम के गोदाम में रख रहे हैं। ननिभि के तरफ से आग्रह है कि इस पुनीत कार्य में कोई भी सहयोग कर सकते है।

## अज्ञात वाहन की आई चपेट में, जिला अस्पताल के एआरटी में थी पदस्थ

# स्वेटर खरीदने गई महिला नर्सिंग अफसर की स्कूटी हुई स्लिप, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महिला नर्सिंग अफसर की सड़क हादसे में मौत हो गई है। घटना में अज्ञात वाहन चालक की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि आदर्श स्कूल दुर्ग में स्थित अस्पताल कालोनी निवासी संध्या यादव जिला अस्पलताल में एआरटी में नर्सिंग अफसर के पद पर थी। शनिवार की शाम काम से छुट्टी होकर घर जा रही थी। इस दौरान रास्ते में तिब्बती उलन दुकान पर अपने दोनों बच्चियों के लिए स्वेटर खरीदने के लिए रुकी। स्वेटर खरीदकर अपने घर गई।

लेकिन परिजनों को स्वेटर का रंग पसंद नहीं आने पर अपनी स्कूटी से दोबारा स्वेटर वापस करने के लिए निकली थी कि आरटीओ आफिस दुर्ग के सामने स्कूटी अचानक स्लीप हो गई। स्लीप होने ने वाहन में बैठे संध्या और उसके साथ बैठी महिला दोनों गिर पड़े। संध्या सड़क की ओर गिरने से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में लिया। हादसे में नर्सिंग अफसर संध्या यादव की मौके पर मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही आसपास के लोगों ने पुलिस व परिजनों को सूचना दी। तब जाकर हादसे की जानकारी पुलिस को हो पाई।संध्या के दो बेटियां है। छोटी बेटी सानवी 18 महीने और बड़ी बेटी स्वधा 11 साल की है। संध्या की मौत की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। पीएम के बाद परिजनों को शव सौंपा गया।



### बेलगाम है ट्रैफिक व्यवस्था

मालवीय नगर चौक की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमारा गई है। व्यवस्था को अपडेट नहीं करने से आए दिन सड़क हादसा होना आम बात हो गई है। महिला नर्सिंग अफसर मौत के बाद घटना स्थल पर बिखरे मिट्टी पानी को निगम प्रशासन ने सुरक्षा घेरा बनाकर छोड़ दिया है। साथ ही आने-जाने वाले लोगों को यहां नाली बनाकर छोड़ने से लोगों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है। वहीं ट्रैफिक पुलिस के जवान वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर सिर्फ खानापूर्ति ही करते नजर आ रहे है। इसके चलते तेज रफ्तार से आने वाले वाहनों पर कार्रवाई सिर्फ नाममात्र की जा रही है।

### मम्मा मिस यू लव यू

परिजनों के मुताबिक मृतका संध्या की बड़ी बेटी अपनी मां को यादकर मम्मा मिस यू, लव यू कहते रो रही है। बड़ी बेटी अपनी मां से काफी प्यार करती थी। उसे याद कर लगातार रो रही है। शनिवार को संध्या काम से निकलने से पहले परिजनों से बातचीत कर दोनों बच्चों को लाड कर शाम को जल्द आने की बात कहते हुए घर से निकली थी लेकिन शाम को घर आई लेकिन दोबारा निकलने के बाद संध्या की मौत की खबर आई।

### काली मिट्टी की चपेट में आने से वाहन स्लिप

परिजनों का आरोप है कि संध्या की मौत दुर्ग नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के चलते ही हादसा हुआ है। निगम ने नाली खोदकर वैसे ही छोड़ दिया गया है। लेकिन के चलते हादसे के दिन सुरक्षा घेरा तक नहीं लगाया गया था। संध्या के मौत पर प्रशासन ने सुरक्षा घेरा के रुप में कुछ पेड पौधों को वैसे रख दिया गया है। जिससे आने जाने वालों को नाली के बारे में जानकारी हो जाए। नाली के आसपास काली मिट्टी फैली हुई थी इस कारण मृतका की स्कूटी स्लीप हो गई और हादसे का शिकार हो गई।



## नेवई पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

# शराबी पति से परेशान पत्नी ने हथौड़े से मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



मृतक गजेंद्र



शराबी पति से परेशान पत्नी ने हथौड़े से वार कर मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है। घटना को अंजाम देकर पत्नी सरेंडर करने स्वयं थाने पहुची थी। नेवई पुलिस ने बताया कि नेवईभाठा निवासी गजेंद्र साहू 27 वर्ष वाहन चालक है। छह साल पहले राजनांदगांव स्थित छुरिया निवासी नेमा साहू 24 वर्ष से शादी हुआ था। शु रु आ ती समय में दोनों के मध्य किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ करता था। समय बीतने पर गजेन्द्र शराब का आदी हो गया और पत्नी नेमा से जबरन विवाद किया करता था। शनिवार की रात भी गजेन्द्र शराब के नशे में नेमा साहू के साथ विवाद कर रहा था। रोज रोज के विवाद से परेशान होकर नेमा ने घर के हथौड़े से गजेन्द्र के सिर पर जोरदार हमला कर दिया। हथौड़े के वार करने पर गजेन्द्र मौके पर गिर पड़ा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या करने के बाद नेमा रात भर पति के शव के साथ बैठी रही। रविवार की सुबह नेमा पुलिस थाना नेवई पहुंची और पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। हत्या की खूबर लगते ही एएसपी सिटी सुखुनंदन राठौर, सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी समेत पुलिस बल मौके पर पहुचे और फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉ मोहन पटेल भी पहुंचे थे। शुरुआती जांच पड़ताल के बाद शव को पीएम के लिए भेजा गया।

- पत्नी जान लेकर स्वयं पहुंची थी थाना
- 6 साल पहले हुई थी शादी
- शनिवार देररात की घटना

### तीन हत्या का मामला अब भी अनसुलझा

जिले में अपराधों की ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। जिसे रोकने में पुलिस प्रयास कर रही है लेकिन अपराध रुक नहीं रहा है। तीन हत्या के मामले में अब तक पुलिस के हाथ खाली है। जिसमें सबसे बड़ा मामला गनियारी हत्याकांड है। जहां दादी पोती की हत्या करने वाले तक के करीब पुलिस नहीं पहुंच पाई है। दूसरा नंदिनी थाना क्षेत्र में महिला की लाश पुलिस मिली थी। जिसे भी अज्ञात ने हत्या कर शव को थाना क्षेत्र में फेंका था। तीसरी घटना जीआरपी थाना क्षेत्र का है जहां मनीष नामक युवक की हत्या कर लाश को गटर में फेंक दिया गया था। आरोपी आजतक नहीं पकडाया है।

# डिजिटल अरेस्ट मामले में जुर्म दर्ज, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दंपत्ति से डिजीटल अरेस्ट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318(2), आईटी एक्ट की धारा 66(डी) के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि गुरुवार की शाम अज्ञात आरोपी ने दंपत्ति के मोबाइल पर कॉल कर जेट एयरवेज के मालिक नरेश गोयल के खाते में गलत तरीके से ट्रांजेक्शन होने की जानकारी दी। जो एक्सटॉर्शन और मनी लॉन्ड्रिंग की श्रेणी में आने का झांसा दिया। आरोपी ने दंपत्ति को मोबाइल सिम से इस तरह के 47 मामले होने की बात बताई। जिसका अपराध मुंबई के कोलाबा में दर्ज है। केनरा बैंक के खाते से 68 मिलियन का लेनदेन दंपत्ति द्वारा किए जाने की बात बताई थी। उक्त बातों को सुनकर दंपत्ति डरके रोने लगे और परेशान हो गए। ठगने वाले आरोपी ने पीड़ितों से कहा कि टेलीकॉम रेगुलेटरी ऑफ इंडिया से उनका मोबाइल नंबर मिला है। उसमें आधार कार्ड से कई सिम ली गई है। जांच मुबई सीबीआई की टीम करने की बात बताई गई। जांच में दंपत्ति को साथ देने की बात कही गई। दंपत्ति को निर्दोष होने पर उस नंबर को डिएक्टिवेट कर दिया जाएगा। 10 सेकंड के बाद सीबीआई के अधिकारी के नाम पर वीडियो कॉल आ गया। उसने पीड़ितों को 47 प्रकरण दर्ज होने का झांसा दिया गया। दंपत्ति को डिजिटल अरेस्ट किए जाने की जानकारी ठग ने दिया। जहां हो वहीं पर रहनो की सलाह भी ठगों द्वारा दंपत्तियों को दी। पीड़ित ने तुरंत घटना की शिकायत साइबर पुलिस से किया। उसके बाद ठगों का नंबर बंद हो गया।



- पीड़ित ने घटना की शिकायत किया
- कुम्हारी थाना क्षेत्र की है घटना

# जामुल में फिर चाकूबाजी, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शराब पीने रुपए नहीं देने पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 109 और 119 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि 29 नवंबर की रात पुलिस कंट्रोल को सूचना मिली कि चाकू के हमले से युवक घायल हो गया है। जिसे जिला अस्पताल दुर्ग लेकर जाया गया। पुलिस जिला अस्पताल पहुंची जहां घायल शंकरगढ थाना जिला प्रयागराज हालमुकाम डीवी कार्मशियल कंपनी छावनी चौक निवासी मनीष सिंह चौहान अस्पताल में भर्ती मिला। पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि 32 एकड़ पुल के पास 3 युवकों ने जान से मारने की नियत से उस पर चाकू से हमला किया। पुलिस को बताया कि रात पौने 8 बजे सरकारी स्कूल की तरफ से वैशाली नगर शराब दुकान से शराब लेने जा रहा था। तभी पैदल चलते हुए 32 एकड़ पुल के पास पहुंचा तो तीन अज्ञात युवक दो पहिया वाहन में पीछा करते सामने मिले। मनीष का रास्ता रोक कर युवकों द्वारा शराब पीने के लिये रूपये की डिमांड कर रहे थे। मनीष ने इसका विरोध किया तो एक युवक ने अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया। घायल होने पर आरोपी युवकों ने मनीष के पैंट की जेब में रखे 300 रूपये निकाल कर फरार हो गए। घटना के बाद भी जामुल पुलिस युवकों के बारे में कोई जानकारी हासिल नहीं कर पाई है।

- तीन युवक घटना में शामिल
- शराब पीने पीड़ित से मांग रहे थे रुपए

## चक्रवार्ती तूफान फेंगल का पड़ रहा ट्विनसिटी में असर

# खाड़ी से आ रही नमी, छाएगा घना कोहरा, बारिश के भी आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दक्षिण पश्चिम बंगाल के खाड़ी में बना चक्रवात फेजल समाप्त हो चुका है। बंगाल की खाड़ी से वातावरण के निम्न स्तर पर प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन लगातार जारी है। इसके प्रभाव से भिलाई-दुर्ग सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में निम्न स्तर और मध्य स्तर के बादल छाए हुए हैं। रविवार को अलसुबह कोहरे की स्थिति भी बनी रही। दोपहर व शाम तक बारिश गिरने जैसी स्थिति बनी रही।

### तापमान में बढ़ोतरी

भिलाई-दुर्ग में बदली की वजह से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। एक दिन पहले यानी शनिवार को न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस था वह रविवार को 16.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यानी एक ही दिन में 4.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। जिसकी वजह से नम हवाएं चलने के बाद भी लोगों को गर्मी महसूस हुई। मौसम खुलने के बाद कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है।



## बदली छंटने के बाद बढ़ेगी ठंड

### आज हल्की बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक भिलाई-दुर्ग सहित प्रदेश में 2 दिसंबर को मध्य छत्तीसगढ़ में बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने तथा बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में गरज चमक के साथ अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। सोमवार को भी बादल छाए रहने की संभावना है। जिसके कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है और अधिकतम तापमान में भी कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।सरगुजा संभाग में भी आंशिक रूप से बादल छाने तथा छींटे पड़ने की सम्भावना है ।

### दो दिनों तक रहेगी यही स्थिति

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर छत्तीसगढ़ में 3 दिसम्बर से बादलों की छंटाई प्रारंभ होने की संभावना है। 4 दिसम्बर को मुख्यतः आकाश साफ हो सकती है । इसी के साथ न्यूनतम तापमान में गिरावट और अधिकतम तापमान में वृद्धि प्रारंभ होने की संभावना है । बस्तर संभाग में 4 दिसम्बर तक वर्षा होने के आसार हैं।

### मौसम के बदलाव का सेहत पर असर

मौसम के इस बदलाव से सेहत पर भी असर दिखाई देने लगा है। लोगों के सेहत पर रोटा वायरस का अटैक होना शुरू हो गया है। लोगों को सर्दी, खांसी और जुकाम की शिकायतें होने लगी है। बदन दर्द, सिर दर्द की समस्या भी सामने आ रही है। पेट संबंधी समस्याएं भी होने लगी है। पेट में मरोड़ होने की शिकायत आम हो गई है। बच्चों को इस मौसम में ठंड से सुरक्षा करना जरूरी हो गया है। निजी सहित सरकारी अस्पतालों में ऐसे मरीज बढ़ रहे हैं।

### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**भिलाई**। चाकू लहराते हुए युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। छावनी पुलिस ने बताया कि आम रोड पर बैंकुठधाम केम्प-2 निवासी करण साव नामक युवक अपने पास लोहे का धारदार चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। बरामद चाकू की कुल लंबाई 14 इंच है।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# करोड़ों रुपए के काम्पलेक्स की नीलामी नहीं, व्यापारी काट रहे अधिपत्य क़े लिए चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निगम प्रशासन को भले ही नजूल विभाग से हरी झंडी मिल गई है, लेकिन अब तक गंज परिसर और जल घर के सैकड़ो दोनों दुकानों की नीलामी नहीं की गई है। जिसके चलते हलाकान व्यापारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है, विगत दिनों सामान सभा की बैठक में आरक्षण हटाए जाने को लेकर विवाद गरमाया था। ऐसे में नीलामी की प्रक्रिया का रास्ता साफ नजर नहीं आ रहा है, वही निगम प्रशासन के लिए यह चुनौती बनी हुई है। गंजपारा और जलगृह में निगम द्वारा बनाए गए दुकानों को लेकर नजूल विभाग ने हरी झंडी दे दी है। विगत दिनों नजूल की जमीन के पंजीयन में आरोपित किए गए शुल्क का भुगतान निगम प्रशासन द्वारा कर दिया गया है। अगस्त माह से नजूल विभाग की हरी झंडी मिलने के बाद ऐसी उम्मीद थी कि अब दुकानों की जल्द नीलामी कर दी जाएगी। नगरनिगम द्वारा बगैर प्लानिंग के नजूल की जमीन पर करोडों रूपए खर्च कर डेढ सौ से अधिक काम्पलेक्स बना दिए थे। जिसके चलते पूर्व में भी समस्या आ रही थी। जिसके चलते इसका आबंटन अब तक नही हो पाया है। काम्पलेक्स का उपयोग नही होने के कारण यह जर्जर स्थिति में हैं। करोडों खर्च करने के बाद भी निगम को कौडी का राजस्व नही हो रहा है। इधर निगम के अधिकारी कर्मचारी को आय दिन वेतन नही मिलने कि भी सामने आते रही है। इन दुकानों की नीलामी से निगम को हर माह राजस्व की आय होगी, जिससे वेतन की समस्या पर अंकुश लगाया जा सकता है।

हरिभूमि सरोकार

## आरक्षण के पेच के कारण अटकी थी नीलामी, सामान्य सभा में हुआ था विरोध

### जर्जर होने की स्थिति में दुकानें

उल्लेखनीय है कि, नगरनिगम द्वारा गंज काम्पलेक्स में 74 और नया बस स्टैंड के पास जलघर में 44 दुकाने बनाई गई है। जिसका उपयोग आज तक नही होने के कारण दुकान जर्जर होने लगी है। अगर इन्ही दुकान का आबंटन हो जाए तो निगम को करोडों रूपए का राजस्व प्राप्त हो सकता है। लेकिन निगम ने बगैर जांच परखे नजूल की जमीन पर काम्पलेक्स बना दिया था। नतीजा अब तक आबंटन नही हो पाई है। निगम के अधिकारियों की माने तो दुकान आबंटन नही हो पाने का सबसे बडा कारण है कि, यह आरक्षण के पेच में फंसा हुआ है। दूसरा कारण दुकान काफी महंगी है। यहां दुकान की कीमत पन्द्रह से तीस लाख तक है। उपर से हितग्राही को हर माह किराया देना होगा। इन तमाम पेचीदा के चलते लोग दुकान लेने सामने नही आ रहे है। चार से पांच बार निविदा जारी करने के बाद भी आबंटन नही हो पाया है।



### सामान्य सभा में उठा था मामला

विगत दिनों निर्णय लिया गया कि, दोनों जगह के दुकानों की नीलामी के लिए आरक्षण प्रक्रिया को हटाया जाएगा। इस विषय का प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को भेजा जा चुका था। इधर अक्टूबर माह में हुए सामान्य सभा में विपक्षी पार्षदों ने दुकान नीलामी नहीं होने का मुद्दा उठाया था। सामान्य सभा में पार्षदों ने आरक्षण हटाए जाने के प्रस्ताव का जमकर विरोध किया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाए थे कि जो दुकान आरक्षण में नहीं है वह भी आज तक नीलाम नहीं हुए हैं। विरोध के चलते सत्ता पक्ष बैक फूट पर आई और पुराने प्रक्रिया के तहत नीलामी करने का निर्णय लिया गया।

## खबर संक्षेप

### दुर्ग जिले में मनाया गया विश्व एड्स दिवस



दुर्ग। विश्व एड्स दिवस आज 1 दिसंबर को राज्य शासन (नाको) के आदेशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के निर्देशन में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के करकमलों से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। आज की थीम, ''अपने अधिकार को समझिये और लिए गये रास्ता चुनिये'' इस रैली में नोडल अधिकारी डॉ. खंडेलवाल, लिंक कार्यकर्त्ता, जीएनएम ट्रेनी एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली में पोस्टर, बैनर के साथ ही नारों के माध्यम से लोगों को एड्स जागरूकता का संदेश दिया गया। एड्स एक भयावह बीमारी है। ये संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने या बिना सावधानी पर चपेट में आ सकते है। इससे बचाव के लिए सबसे बड़ा उपाय सावधानी है। वही लोग एआरटी सेंटर पर एड्स की जांच के साथ ही निःशुल्क इलाज भी ले सकते है। इलाज से व्यक्ति इस भयावह बीमारी से खुद और परिवार का बचाव कर सकता है।

### एनसीसी के दस कैडेटों ने किया रक्तदान



दुर्ग। जिला चिकित्सालय दुर्ग में कैप्टेन डॉ राजकुमार गढ़पाए एवं व्हीएस रॉव कार्यकारी प्रांताध्यक्ष के मार्गदर्शन में लेफ्टिनेंट पंकज पटेल, हवलदार मल्लेश्वर राव के सहयोग से संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 2024 पशु चिकित्सा एवम् पशु पालन महाविद्यालय परिसर में 22 नवंबर से 1 दिसंबर तक संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण शिवर में आए प्रशिक्षणार्थियों हवलदार मल्लेश्वर राव कॉरपोरल, मुरली राव, कैडेट टिकेश्वर, कैडेट सीमांचल पंडा, कैडेट विकास कुमार साहू, कैडेट वेद प्रकाश गायकवाड़, सर्जेंट प्रशांत सोनी सहित राजनांदगांव से आए 10 लोगों ने रक्त दान किया। इस अवसर पर सभी रक्तदानताओं को जिला चिकित्सालय दुर्ग से प्रमाण पत्र आरएमओ डॉ अखिलेश यादव द्वारा प्रदाय किया गया। इस अवसर पर बल्ड बैंक के प्रभारी अधिकारी डॉ पीके अग्रवाल के मार्गदर्शन में रक्तदान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

## अव्यवस्था : कैप कव्हर से आधे अधूरा धान को ढंकने का प्रयास

# करोड़ों का धान खुले आसमान के नीचे उठाव में लापरवाही से नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के 102 उपार्जन केन्द्रो में नौ लाख क्विंटल से अधिक का धान खुले आसमान के नीचे रखा गया हैं। समय पर धान का उठाव नही होने के कारण अब बारिश में भीगने की आशंका हैं। यही नही मौसम में तब्दीली के चलते धान खरीदी कार्य भी प्रभावित हो सकती हैं। हांलाकि बदली के बाद उपार्जन केन्द्रों में सतर्कता बरती जा रही हैं। जिले के थनौद, आलबरस, सेलूद, अंडा, जामगांव केन्द्रों में पाया गया कि, कैप कव्हर के जरिए धान को ढकने का प्रयास किया गया हैं।

लेकिन केन्द्रों में बफर लिमिट से अधिक धान जाम होन के कारण यह प्रयास कारगर नही हैं। पूरी संभावना है कि, अगर बारिश हुई तो धान के भीगने से राज्य शासन को नुकसान होगा। इधर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा धान को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि, जिले में 64 लाख क्विंटल धान खरीदी का टारगेट रखा गया हैं। जिसमें से अब तक जिले के 1 लाख 14 हजार से अधिक किसानों ने नौ लाख क्विंटल धान बेच दिया हैं। लेकिन धान उठाने अब तक प्रशासन की ओर से कोई प्रयास नही किया गया हैं। इधर समिति प्रबंधकों का कहना है कि, कैप कवहर के जरिए धन को ढका गया है, लेकिन यह प्रयास न नाकाफी दिख रही है। क्योंकि जिले के 32 से अधिक उपार्जन केदो में क्षमता से अधिक धान जाम हो गया है। ऐसे में उपार्जन केन्द्रो में रखे गए धान को सुरक्षित रखना प्रबंधकों के लिए चुनौती बनी हुई है।

## 9 लाख क्विंटल से अधिक का धान जाम, उठाव की प्लानिंग नहीं



### नमी से होगा धान का होगा अंकुरण

धान खरीदी केन्द्रों में खुले में रखें धान को ढंककर नहीं रखे जाने के चलते मौसम में नमी का असर धान पर पड़ सकता है। हल्की बारिश होने की स्थिति में सर्द हवाओं के बीच नमी से धान अंकुरित भी हो सकते हैं। इधर खुले में रखे धान को ढंकने के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में कैप कव्हर भेजा गया है, लेकिन समिति प्रबंधक द्वारा धान को ढंका नहीं गया है। ऐसे में अगर अचानक बारिश होती है तो धान भीग सकते हैं।

### उठाव को लेकर नहीं बनी प्लानिंग

राज्य स्तर पर प्रदेश के राइस मिलों के साथ बैठक रखी गई थी। इस दौरान प्रदेश स्तर पर राइस मिलों ने कस्टम मिलिंग करने पर सहमति जताई है। लेकिन जिले स्तर पर अब तक कस्टम मिलिंग के लिए एग्रीमेंट की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। सूत्रों ने बताया कि कस्टम मिलिंग के दर को लेकर मिलर और राज्य शासन के बीच सहमति बनने के बाद मिलर एग्रीमेंट करने राजी हो गए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि आगामी दिनों मिलर एग्रीमेंट करने के साथ ही उठाव भी शुरू कर देंगे।

### खुले आसमान के नीचे धान

जिले के अधिकांश धान खरीदी केन्द्रों में शेड़ निर्माण नहीं हुआ है। जिसके चलते खुले आसमान के नीचे धान रखे हुए हैं। वहीं सभी खरीदी केन्द्रों में अब तक परिवहन शुरू नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से कई केन्द्रों में सैकड़ो क्विंटल धान जाम है। वहीं अब मौसम में बदलाव को देखते परिवहन शुरू कराया जा रहा है। ढाबा सोसायटी में आज से धान का शुरू हुआ जाम है।

### चल रही तैयारी

उपार्जन केंद्रों से धान उठाने के लिए संग्रहण केंद्र खोले जाने की तैयारी है। जिले के आठ संग्रहण केदो में ट्रांसपोर्टरों से उठाव कराया जाएगा। मिलरो से भी एग्रीमेंट करने का प्रयास जारी है।

-ऋचा प्रकाश चौधरी,
कलेक्टर दुर्ग

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

# आजीविका मिशन के तहत ग्रामीणों को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविदयालय अंजोरा दुर्ग में जिला पंचायत बीजापुर के अनुरोध पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बीजापुर के पशु सखी एवं किसानों के लिये तीन दिवसीय "बकरीपालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास" में प्रशिक्षण कार्यक्रम विगत 27 से 29 नवंबर 2024 तक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में बकरी पालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी जैसे छत्तीसगढ में बकरी पालन की संभावनायें, छत्तीसगढ की जलवायु के लिये उपयुक्त नस्ले, उनका आवास एवं सामान्य प्रबंधन, भोजन का प्रबंधन, बकरियों में आकस्मिक शल्य चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार, बकरियों में होने वाली महत्वपूर्ण बीमारियां, उनका टीकाकरण, रोकथाम, छत्तीसगढ एवं भारत सरकार दवारा बकरी पालन व्यवसाय को बढावा देने के लिये चलाई जा रही वाली महत्वपूर्ण योजनाये जैसे एन.एल.एम एवं नाबार्ड पोषित योजनाये, आवेदन प्रक्रिया, बैंक लोन की प्रक्रिया, छत्तीसगढ राज्य में बकरीपालन में संभावनायें के बारे में विभिन्न विषय विशेषज्ञों के द्वारा सारगर्भित व्याख्यान एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया एवं विभिन्न फार्म का भ्रमण कराया गया। इस प्रशिक्षण में बीजापुर के बीजापुर के 38 पशु सखी एवं किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के अन्त में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. आर.आर.बी.सिंह,

- बकरीपालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा, दुर्ग के अधिष्ठाता डा.संजय शाक्य, निदेशक फार्म डा. धीरेन्द्र भोसले, केवीके के कार्यक्रम समन्वयक डा. वी.एन. खूने एवं प्रशिक्षण प्रभारी डा. रामचंद्र रामटेके ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित कर इनके उज्वल्ल भविष्य की कामना की। इस कार्यकम का संचालन डा. रूपल पाठक एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. शब्बीर अनंत के द्वारा किया गया।

## लोकतंत्र और संविधान बचाने के नाम पर कांग्रेस लगातार झूठ परोस रहीः भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने ईवीएम से चुनाव पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अविश्वास जताने पर जमकर निशाना साधा है और जनता का विश्वास जीतने की नसीहत दी है। श्री यादव ने कहा कि ईवीएम को लेकर कांग्रेस लगातार दुष्प्रचार करके देश में विश्वास का संकट पैदा करके अराजकता फैलाने के अपने अघोषित एजेंडे पर काम कर रही है। एक तरफ लोकतंत्र और संविधान बचाने के नाम पर कांग्रेस लगातार झूठ परोसकर अपने न्यस्त राजनीतिक स्वार्थों और सत्ता लालसा को साधने की शर्मनाक कोशिशें कर रही हैं, तो दूसरी तरफ ईवीएम के मुद्दे पर दोहरा मापदंड प्रदर्शित कर रही है।

विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता भूपेश बघेल और कांग्रेस पर विश्वास नहीं करती और बघेल समेत तमाम कांग्रेस नेता ईवीएम पर मनगढ़ंत प्रलाप करके विश्वास नहीं करते। कहीं-न-कहीं संसदीय लोकतंत्र में जनता का विश्वास जरूरी है लेकिन जनता कांग्रेस पर विश्वास नहीं करती। श्री यादव ने कांग्रेस को नीति और नीयत ठीक रखने की भी नसीहत देते हुए कहा कि सन 2018

- दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र ने कहा

के विधानसभा चुनाव में इसी ईवीएम से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी थी और बघेल गद्दी पर बैठे थे। तब अपने पूरे कार्यकाल में कांग्रेस और भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को जमकर लूटा, जमकर खसोटा। आज भी कुछ लोग जेल के अंदर हैं और कुछ जेल जाने की तैयारी कर रहे हैं। जेलों में बंद लोगों की जमानत तक नहीं हो रही है। श्री यादव ने कहा कि अगर बघेल को ईवीएम पर दोष देना है तो वायनाड में दें। झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ सरकार बनाने वाली कांग्रेस के नेता तब ईवीएम पर सवाल नहीं उठाते।

## कॉन्फ्रेंस में महिला सशक्तिकरण संघ की रही भागीदार



दुर्ग। महिला सशक्तिकरण संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा कौशांबी जहां तथागत भगवान बुद्ध ने दो वर्ष वर्षावास में बिताए थे, वहां पर छठवां अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्फ्रेंस 25 एवं 26 नवंबर को भंते डॉक्टर चंद्र कीर्ति प्राध्यापक विभाग अध्यक्ष पाली भाषा सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में यह कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। जहां पर देश-विदेश के बौद्ध भिक्षु एवं स्कॉलर शोधकर्ता सम्मिलित हुए। इस कांफ्रेंस में छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला सशक्तिकरण की टीम से प्रदेश अध्यक्ष आयुष्मति प्रज्ञा बौद्ध, अनीता भीमटे, बुद्धि मित्रा वासनिक, नीता रामटेके, रत्नामेश्राम, ज्योत्सना मेश्राम, संगीता बोरकर, भारती टेभुरकर, वंदना भांगे सम्मिलित हुई। महिला सशक्तिकरण की प्रदेश अध्यक्ष आयुष्मति प्रज्ञा बौद्ध ने अपना शोध कौशांबी में भगवान बुद्ध नामक शीर्षक पर अपना शोध पेपर प्रस्तुत की। भारती टेभुरकर ने भारतीय संविधान एवं बाबा साहब अंबेडकर पर मोनोपली प्रस्तुत की तथा बुद्धि मित्रा वासनिक एवं नीता रामटेक की टीम ने छत्तीसगढ़ी गीत एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई।

**माटरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर**

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभागएवं जिला चिकित्सालय, दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम माटरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सीएसआर से डां. मोहनलाल, फार्मासिस एसबी गौर व फिरोजा जोसेफ, पंजीयन के लिए शंभु दयाल तथा जिला चिकित्सालय दुर्ग से डॉ अमृता सिन्हा, सुरेश कुमार साहू, खुशी साहू एवं सीएसआर विभाग से बुधेलाल उपस्थित थे।

### एक काल पर पशुओं का घर पहुंचकर हो रहा इलाज

दुर्ग। जिस तरह से शहर में लोगों को फ्री में इलाज देने के लिए मोबाइल मेडिकल युनिट बनाया गया है। जो हर रोज शहर के अलग-अलग वार्ड में जाकर लोगों का इलाज करते है। उसी प्रकार जिले भर के गांवों में पुशओं का फ्री में चेकअप किया जाएगा। डॉक्टर पशु पालकों को बीमारी से बचाने परामर्श देंगे। इसके लिए मोबाइल मेडिकल युनिट तैयार किया गया है। इसी कड़ी में निःशुल्क पशु चिकित्सा परामर्श और पशुपालक जागरूकता शिविर का आयोजन जिलेभर में किया जाना है। इसी कड़ी में विगत बुधवार को ग्राम नवागांव पेंड्रावन में शिविर का आयोजन किया गया है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं दुर्ग के डॉक्टर एस पी सिंह ने बताया कि, पशुओं के इलाज के लिए शासन ने बड़ी पहल की है। मोबाइल मेडिकल युनिट दिया गया है। शिविर को सफल बनाने में डॉ.नम्रता शारदा, डॉ. मनीषा वर्मा सहायक पशु चिकित्सा, मोबाइल यूनिट दुर्ग के सुरेश साहू, शैलेश वर्मा, दिलेश्वर देवांगन, पिंकी यादव, दीपक बाई ने सेवा दी। मोबाइल मेडिकल युनिट के तहत शिविर लगाया गया है।




## सशक्तिकरण एवं बाल सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# शिक्षण के साथ-साथ बाल सुरक्षा भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में युवोदय स्वयंसेवा कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर-किशोरी सशक्तिकरण एवं बाल सुरक्षा पर संकुल समन्वयक एवं नोडल शिक्षकों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर-किशोरियों के समग्र विकास, उनकी सुरक्षा एवं समाज में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यशाला में यूनिसेफ बाल सुरक्षा राज्य सलाहकार अभिषेक कुमार ने मिशन वात्सल्य के स्पॉन्सरशिप योजना, फॉस्टर केयर योजना एवं बाल विवाह जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने इन योजनाओं के क्रियान्वयन और बच्चों की सुरक्षा में उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दुर्ग गोविंद साव ने कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों से अपील की कि वे किशोर-किशोरियों की सुरक्षा और उनके समग्र विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल बच्चों के शैक्षणिक विकास में



बल्कि उनके मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक कल्याण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि शिक्षण कार्य के साथ-साथ बाल सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम, और मिशन वात्सल्य जैसी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी योगदान दें। साथ ही, बच्चों को उनके अधिकारों, अवसरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने में सहयोग करें।

### जागरुकता करने का कार्य

स्वयंसेवकों की भूमिका युवोदय कार्यक्रम के स्वयंसेवक जमीनी स्तर पर बच्चों और किशोरों को उनके अधिकारों और अवसरों के बारे में जागरूक करने का कार्य करते हैं। ब्लॉक समन्वयक प्रगति मोहबे के द्वारा के मानसिक स्वास्थ्य विषय के अंतर्गत आओ बात करे, हम होंगे कामयाब जैसे विषयों पर जानकारी एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित संकुल समन्वयकों एवं नोडल शिक्षकों ने इन विषयों पर गहन चर्चा की और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यशाला का समापन प्रतिभागियों द्वारा लिए गए संकल्प के साथ हुआ कि वे बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे।



राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।


विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# राजसूय यज्ञ वैदिक यज्ञ, यज्ञ मनुष्यों की उन्नति का कारक: संत श्री माताजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

तीर्थदेवी निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर जय शक्ति आश्रम निकुम संत श्री माताजी निवास में वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ आयोजित हो रहा है। एक जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले इस महायज्ञ को स्वयं श्री माताजी संपन्न कराएंगे। राजसूय महायज्ञ की तैयारी श्रीमाताजी निवास में जोर- शोर से चल रही है। तीर्थदेवी निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर जय शक्ति आश्रम निकुम संत श्री माताजी ने इस महायज्ञ पर चर्चा करते हुए बताते हैं कि धर्म ग्रंथों के यजुर्वेद में यज्ञ की विधियों और इसमें प्रयोग किए जाने वाले मंत्र और तत्वज्ञान का उल्लेख मिलता है। राजसूय यज्ञ का भी वर्णन यजुर्वेद में मिलता है। राजसूय यज्ञ वैदिक यज्ञ है।

## तीर्थदेवी निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर जय शक्ति आश्रम निकुम संत श्री माताजी ने कहा

### वेदों में संपूर्ण यज्ञ का वर्णन

संत श्री माताजी बताते है कि यज्ञ का संपूर्ण वर्णन वेदों में मिलता है। यज्ञ का अर्थ अग्नि पूजा से है। वेद ग्रंथों में यज्ञों के महत्व और महिमा को लेकर कहा गया है कि इससे भगवान प्रसन्न होते हैं। ब्रह्मा जी ने मनुष्यों के साथ यज्ञों की भी रचना की है। उन्होंने यज्ञ को मनुष्यों की उन्नति का कारक बताया है। धर्मशास्त्रों के अनुसार यज्ञ करने से देवता प्रसन्न होते हैं और इच्छा व मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

### महाभारत काल में है इस यज्ञ की ऐसी महिमा

संत श्री माता जी बताते हैं कि कई यज्ञों में राजसूय यज्ञ भी एक है। पौराणिक समय में विशेष तौर पर इस यज्ञ को किसी राजा द्वारा किया जाता था। रामायण और महाभारत काल में भी राजाओं द्वारा यज्ञ कराने का उल्लेख मिलता है।जब पांडव इंद्रप्रस्थ को अपनी राजधानी बनाकर वहां धर्मपूर्वक शासन करने लगे तब युधिष्ठिर ने राजसूय यज्ञ किया था। वर्तमान समय में कई कारक इस यज्ञ के करने के हैं। यज्ञ को लेकर गीता में कहा गया है-अन्नाद्भवंति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः।यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः।।
जिसका अर्थ है- सभी प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं और अन्न की उत्पत्ति वर्षा से होती है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ कर्म से होता है।

### यज्ञ मनुष्य के लिए पूर्ण हितकारी

तीर्थदेवी निकुंभला राजलक्ष्मी मंदिर जय शक्ति आश्रम निकुम संत श्री माताजी ने महायज्ञ को मनुष्य के लिए हितकारी बताते हैं। उनका कहना है कि मान्यता है कि यज्ञ से मनोकामना की पूर्ति होती है। धन प्राप्ति, कर्मों के प्रायश्चित, अनिष्ट को रोकने जैसे उपाय यज्ञ के माध्यम से किए जाते रहे हैं। इसके अलावा दुर्भाग्य से मुक्ति पा सकते हैं। इससे सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है। यहां तक लोगों के रोगों से मुक्ति आदि के लिए यज्ञ कराने का विधान बताया गया है। क्रमशः



## खबर संक्षेप



### खेल और वार्षिक उत्सव का किया आयोजन

**कुम्हारी।** श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल कुम्हारी में शालेय खेल वार्षिक उत्सव 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एस एस बजाज, कार्यकारी निदेशक, श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट थे। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की पूजा व दीप प्रज्वलन कर, रंग बिरंगे गुब्बारे को असीम आकाश में स्वतंत्र छोड़कर किया गया। इस अवसर पर भिलाई व दुर्ग स्थित श्री किड्स की शाखाओ से आये नन्हे मुन्ने बच्चो ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। इस अवसर पर 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, व गोला फेंक की प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। विविध स्पर्धाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## निधन

### चमेली साहू



**पाटन।** ग्राम बोरेन्दा निवासी प्रतिष्ठित कृषक परमानंद साहू की पत्नी चमेली साहू उम्र 53 वर्ष का निधन 1 दिसम्बर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार खारून नदी के तट पर किया गया।

### संध्या यादव



**भिलाई।** निज निवास सिविल लाइन, शासकीय अस्पताल क्वार्टर , ब्लाक 10 निवासी जिला चिकित्सालय दुर्ग में पदस्थ नर्सिंग स्टाफ संध्या यादव उम्र 39 वर्ष का निधन 1 दिसंबर को रोड एक्सीडेंट में हो गया। वे सुरेश यादव की पत्नी थीं।

### गुरमीत सिंह



**भिलाई।** एल आई जी - 40/41, हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई निवासी भाजपा कार्यकर्ता गुरमीत हनी सिंह 42 वर्ष का निधन एक दिसंबर को हो गया है।वे डिंपल छाबड़ा के भाई, मनसिमरत कौर के पिता एवं स्व सुरेंद्र सिंह मान एवं स्व. परमजीत कौर के पुत्र थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को रामनगर मुक्तिधाम में दोपहर 2 बजे किया जायेगा ।

### दुर्ग जिपं उपाध्यक्ष अशोक ने रानीतराई और निपानी सोसायटी का किया निरीक्षण

# धान खरीदी केंद्रों में धान का परिवहन नहीं हुआ शुरू, बढ़ सकती हैं दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸|पाटन

### बदहाल धान खरीदी व्यवस्था से किसानों को हो रही परेशानी



किसानों की व्यथा सुनने दुर्ग जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक साहू ने धान खरीदी केंद्र पहुंचे। किसानों ने अपनी समस्या उपाध्यक्ष के पास रखी, उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए उनके हर लड़ाई के लिए कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही। अशोक साहू ने कहा कि साल भर की मेहनत में आखिरी वक्त किसान परेशान नजर आ रहे हैं। इस वर्ष खरीफ फसल की बंपर ऊपज हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पाटन विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामों में किसानों के हित में अनेकों कार्य किए चाहे सिंचाई, सड़क सुविधाओं सहित देश के सबसे अधिक मूल्य में खरीदी, ऋण माफी सहित सभी वर्गों को संबल प्रदान किया था। लेकिन आज हर वर्ग त्रस्त नजर आ रहे हैं। बंफर लिमिट से दोगुना धान का स्टॉक खरीदी केन्द्रो मे धान का परिवहन अब तक शुरू नहीं होने से बफर लिमिट से दोगुना धान जमा होने लगा है। अगले सप्ताह कई केन्द्रों में परिवहन नहीं होने से खरीदी बंद होने की कगार पर आ सकती है।जिससे किसानों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ेगा। समिति के प्रबंधक इंतजार मे बैठे हैं कब परिवहन का कार्य शुरू हो जिससे धान खरीदी का कार्य सुचारु रूप से चल सके। जानकारी के अनुसार वृहत्ताकर सेवा सहकारी समिति डीड़ाभाठा(रानीतराई) में 10500 क्विंटल बफर लिमिट है लेकिन वर्तमान मे 19206 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है।वही सेवा सहकारी समिति निपानी मे बफर लिमिट 7000 क्विंटल की हैं लेकिन वर्तमान मे 13404 क्विंटल धान हैं।परिवहन नहीं होने के कारण खरीदी केंद्रों की व्यवस्था बिगड़ती जा रही हैं इस ओर ना प्रशासन ध्यान दे रहे हैं और न ही जिले के अधिकारी इस पर कोई कदम उठा रहे है।

एक सप्ताह के अंदर भी नहीं पहुँच रहे हैं पैसे जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने बताया की राज्य सरकार किसानों को धान की पैसे 72 घंटे मे खाते में पहुंचने की बात कर रहे हैं लेकिन स्थिति यह है कि किसानों के खाते में धान का पैसा एक सप्ताह के अंदर भी नहीं पहुँच पा रहे हैं। जिससे किसानों की परेशानी बढ़ रही है और सरकार वाहवाही लूटने मे लगे हैं। किसान इन समस्याओ से जूझ रहे हैं और जिम्मेदार मौन बैठे है। निरीक्षण के दौरान राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, सत्यनारायण टिकरिहा विधायक प्रतिनिधि, योगेश्वर साहू प्राधिकृत अधिकारी, लक्ष्मीनारायण गंजीर, भोज रघुवंशी, कामता प्रसाद साहू, भूवन साहू, रामचंद्र देवांगन, खेलन साहू, ईश्वर, मंगतू राम, नोहरलाल साहू, ईश्वरी रघुवंशी, कुलेश्वर साहू, हेमलता रघुवंशी आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### बौद्धिक विकास के लिए कराया शैक्षणिक भ्रमण



**धमधा।** स्काई इंटरनेशनल स्कूल धमधा द्वारा विगत दिवस मैत्री बाग का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के कक्षा नर्सरी से क्लास पहली तक के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए भिलाई स्थित मैत्री बाग का भ्रमण कराया गया और वहां के जीव जंतु, पशु, पक्षी व विभिन्न जानवरों को करीब से देखकर जानकारी एकत्रित की गई। आयोजन में चेयरमैन संकेत जैन, संरक्षक सुनीता जैन एवं प्राचार्या डॉ. माया भट्टाचार्य सहित सम्पूर्ण स्टाफ का सहयोग रहा। आगे प्राचार्या डॉ. माया भट्टाचार्य ने बताया कि स्कूल कैंपस में 26/11 आतंकी हमले में शहीद हुए सैनिकों व नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। यह जानकारी स्कूल के क्रीड़ा अधिकारी जावेद खान ने दी।

### महिलाएं रात्रि में गस्त देकर कर रहे गांव की सुरक्षा



**अंडा।** ग्राम पंचायत तिरगा में बिहान समूह की महिलाएं रात्रि में गस्त देकर गांव के सुरक्षा वा सेवा के लिए आगे रहे हैं। यहां कुल 25 महिला समूह है सभी समूह में 10-10 महिलाएं है जो प्रतिदिन ग्रुप में एकत्रित होकर साथ में लाठी व बिसरी बजाकर गली भ्रमण कर रहे व चौक चौराहों पर शराब न पीने व अवैध शराब न बेचने की समझाइए करते हुए ग्राम भ्रमण कर उपद्रवी पर अंकुश लगाने का कार्य कर रही है। साथ ही यह यह अपील कर रहे है कि ग्राम तिरगा आदर्श गांधी ग्राम की पहचान है इस पहचान को संजोकर रखने की जरूरत है, अपने गांव में आराजक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था भंग न करें। तिरगा स्वच्छ, समृद्ध आदर्श गांव की परिकल्पना लेकर आगे बढ़ चले है जिसके लिए देवी शक्तियों का वा ग्राम पंचायत तिरगा का भरपूर प्रयास जारी है। इस समूह की महिलाएं कर रही सहयोग प्रगति स्व. सहायता समूह, विकाश स्व. सहायता समूह, श्री साईं समूह, महिमा समूह, जय मां अम्बे समूह, जय मां गंगा समूह , जिज्ञासा समूह, प्रतिज्ञा समूह, जय मां दुर्गा समूह, जय बूढ़ा देव समूह, नई किरण समूह, शुभ समूह, जय मां शीतला समूह, राजलक्ष्मी समूह, प्रज्ञा समूह, शारदा समूह, जय मां तुलसी समूह, क्रांति समूह, साधना समूह, जागृति समूह, लक्ष्मी समूह, सरस्वती समूह, देवी महिला समूह, नवजागृति समूह शिवा जी समूह सभी का विशेष सहयोग हो रहा हैं।

### भाजपा का बुथ सशक्तिकरण का हुआ चुनाव



**सेलूद।** शक्तिकेंद्र पतोरा में गुरुवार को नये सिरे से बूथ सशक्तिकरण का चुनाव किया गया जिसमें चुनाव प्रभारी हरप्रसाद ऑडिल, सहप्रभारी देवचरण कौशल, शक्ति केंद्र प्रभारी टीकाराम देवांगन एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता के साथ अन्य सभी भाजपा के पुरुष एवं महिला कार्यकर्ता की उपस्थिति में किया गया। बूथ क्रमांक 104 में पूरनलाल साहू, बूथ क्रमांक 105 में राजीव साहू, बूथ क्रमांक 106 में प्रेमलता साहू, बूथ क्रमांक 107 में ओमप्रकाश साहू एवं बूथ क्रमांक 108 देऊरझाल में विजय कुर्रे को बूथ अध्यक्ष बनाया गया।

## प्रदेश और राष्ट्र में भाजपा की मजबूती का आधार है बूथ संगठन: नारद



हरिभूमि न्यूज ▸▸|जामगांव आर

- बूथ अध्यक्ष मुकेश व सीताराम हुए नियुक्त

भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक चुनाव का आधारगत बूथ का चुनाव रविवार को जामगांव आर में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू एवं सहायक भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू थे। जामगांव आर में भारतीय जनता पार्टी ने दो बूथ का निर्माण कर रखा है। बूथ क्रमांक 214 का अध्यक्ष सीताराम साहू का और बूथ क्रमांक 215 का अध्यक्ष मुकेश साहू चुने गए। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, भाजपा नेता नरेश केला, कन्हैयालाल साहू, सुरेश जैन, मेघनाथ सागरवंशी, राधेश्याम राठी, युधिष्ठिर चंद्राकर, पूर्णेंद्र सिन्हा, मनीष जैन विशेष तौर पर उपस्थित थे।

### संगठन में शक्ति होती है

द पाटन भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि प्रदेश और राष्ट्र में भाजपा की मजबूती का आधार है भाजपा का बूथ संगठन ।संगठन शक्ति की नींव बूथ होता है बूथ जितना मजबूत होगा। उतनी पार्टी मजबूत होगी और जब पार्टी मजबूत होगी। बूथ क्रमांक 214 सीता राम साहू (अध्यक्ष)बूथ क्रमांक 215 मुकेश साहू (अध्यक्ष) सदस्य हरीश साहू,दयानंद साहू, उज्ज्वल केला,तामेश्वरी साहू,अंगेश्वर साहू,कन्हैया लाल साहू, मेघनाथ सगरवंशी,संतोष साहू, गोपी निर्मलकर, मुकेश शुक्ला,संतु यादव, चुलेश साहू, गौकरण चंद्राकर,दयानंद साहू,मोहन यादव,दाऊ लाल यादव, रूखमणी ठाकुर,प्रभा ठाकुर, भावना साहू, रंभा सगरवंशी,सुमन सगरवंशी, जयंत्री साहू,धनेश्वरी पटेल, रोमल साहू,तामेश्वरी साहू, खोमलाल साहू, शैलेंद्री मांडवी,रेणुका राठी, युधिष्ठिर चंद्राकर आदि सदस्य के रूप में चुना गया।

## सद्भावना व सत्प्रवृत्तियों की जननी है गायत्री: पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▸▸|उतई

शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया एवं दुर्ग भिलाई उपजोन गायत्री परिवार दुर्ग के माध्यम से 25 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2024 तक राष्ट्र जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन निर्धारित है जिसके यज्ञ स्थल का भूमिपूजन गायत्री प्रज्ञापीठ कोड़िया में किया गया।

- कोड़िया में 24 कुण्डीय यज्ञ के लिए किया गया भूमिपूजन



भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर, जनपद पंचायत कृषि सभापति राकेश हिरवानी, गायत्री परिवार दुर्ग भिलाई उपजोन सह-समन्वयक धीरजलाल टांक, जिला समन्वयक लोकनाथ साहू, ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र सिन्हा, निकुम प्रज्ञापीठ पूर्व ट्रस्टी श्यामलाल मेश्राम, पाऊवारा सरपंच वामन साहू, कोड़िया सरपंच चंद्रभान सारथी, उपसरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर, संरक्षक सीएल चंद्राकर, जेपी दीपक, दिनेश दीपक, आनंद चंद्राकर सहित गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे। गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया प्रमुख उमेश साहू ने बताया राष्ट्र जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के विराट आयोजन के लिए यज्ञस्थल, मां भगवती भोजनालय, सप्तक्रांति प्रदर्शनी स्थल, साहित्य स्टॉल सहित विभिन्न सुविधा केंद्रों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। उन्होंने बताया 25 दिसम्बर को 1024 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो तीन निर्धारित केंद्रों कोकड़ी, भानपुरी एवं हनोदा से कोड़िया पहुंचकर कोड़िया में भ्रमण करेगी। 26, 27 एवं 28 दिसम्बर को 300 से ज्यादा विवाहित जोड़ें 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सम्मिलित होंगे। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आध्यात्मिक अनुष्ठान लगातार होते रहना चाहिए क्योंकि आध्यात्म ही हमें सही जीवन जीने की सीख देती है। गायत्री को सद्विचार और यज्ञ को सत्कर्म का प्रतीक माना जाता है। इन दोनों का सम्मिलित स्वरूप सद्भावनाओं और सत्प्रवृत्तियों को बढ़ाता है। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा आज अखिल विश्व गायत्री परिवार नव चेतना के व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण को धरातल पर ला रहा है। अंगारे बाबूजी, नागेंद्र साहू की टोली ने यज्ञ सम्पन्न कराया।

## बिजनेस साइट

### द्रोणाचार्य अकादमी में छग लोक कला संस्कृति पर कार्यशाला का आयोजन



**भिलाई।** द्रोणाचार्य अकादमी में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट के लिए छत्तीसगढ़ के लोक कला संस्कृति बारह मासी त्यौहार, आभूषण, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, मुहावरें, छत्तीसगढ़ के परम्परागत खेल, छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध बस्तर दशहरा आदि महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ संस्कृतिकर्मी डॉ. डीपी देशमुख सम्पादक कलापरम्परा/ अंगना के गोठ हमर गाँव हमर माटी ने अपना व्याख्यान दिया। कार्यशाला में लोककला, लोक संस्कृति व जनजातीयों पर संदर्भित विशेष जानकारी जो छग पीएससी प्री व मेंस में बदलते हुए प्रश्न पैटर्न व आंसर राइटिंग के तरीके पर मार्गदर्शन कर छत्तीसगढ़ के लोक कला-संस्कृति के महत्व को इंगित किया गया।

### बच्चों के लिए राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

# प्रदेश के स्कूली बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण पर उकेरे चित्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸|कुम्हारी




पावरग्रिड पॅश्चिम क्षेत्र-1 के रायपुर (कुम्हारी) उपकेंद्र में छतीसगढ़ राज्य के स्कूली बच्चों के लिए ऊर्जा संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में करीब एक लाख बीस हजार स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम चरण में राज्य के विभिन्न स्कूलों से करीब सौ बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें, ए वर्ग कक्षा 5, 6 तथा 7 कक्षा के 50 बच्चे तथा बी वर्ग कक्षा 8, 9 तथा 10 के 50 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रजनीश तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक, पावरग्रिड, पश्चिम क्षेत्र-1, नागपुर उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में आरके शुक्ला, प्रबंधक निदेशक, सीएसपीटीसीएल, रायपुर, रविंद्र कुमार, सहायक आयुक्त, केवीएस, आरओ, रायपुर, आरएल ठाकुर, संयुक्त निदेशक, दुर्ग, लोक शिक्षण निदेशालय छतीसगढ़, आरके दाश, वरि. महाप्रबंधक, पावरग्रिड, रायपुर एचपीपाल, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पावरग्रिड नागपुर तथा छत्तीसगढ राज्य के बिभिन्न जिलों से उपस्थित बच्चे एवं उनके माता- पिता तथा पावरग्रिड परिवार के सदस्यगण पावरग्रिड प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2024 में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रजनीश तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा 'देश में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत प्रत्येक वर्ष देशभर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है। देश का विकास प्राकृतिक संसाधनों तथा ऊर्जा की उपलब्धता पर निर्भर करता है। कार्यक्रम के अंत में मंचासीन विशिष्ट अतिथियों द्वारा सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में राज किशोर दाश, पावरग्रिड, डॉ. विकास चंद्र, सहायक प्राध्यापक, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ, सुश्री राधिका, पाठक - इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ ,करमन खट्टर, उप संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छग, निहार रंजन साहू, परियोजना समन्वयक- क्रेडा, रायपुर, पिंकी सिंघ, टीजीटी केंद्रिय विद्यालय, बीएमवाई भिलाई थे।

### विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

पुरस्कृत विद्यार्थियों में ए वर्ग कक्षा 5, 6 व 7 आयुष साहू कक्षा 7, सेण्ट टेरेसा कॉन्वेट स्कूल, रायगढ द्वितीय पुरस्कार हिमांशु दास, कक्षा 7 विजय अंग्रेजी मीडियम स्कूल, चिरीमीरी एवं तृतीय पुरस्कार यशिका बागवानी कक्षा 7 अम्बूजा विद्यापीठ, रवण थे वहीं बी वर्ग कक्षा 8, 9 व 10 प्रथम पुरस्कार वत्सल सोनवानी कक्षा 9 डीपीएस, भिलाई, द्वितीय पुरस्कार सोम्या देवांगन, कक्षा 10, अम्बूजा विद्यापीठ, रवण, तृतीय पुरस्कार पावनी सिंघल कक्षा 8 संस्कार पब्लिक स्कूल, रायगढ शामिल हैं। दोनों वर्गों में अन्य दस बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित बच्चे आगामी 11 दिसम्बर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में छत्तीसगढ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के अंत में एच. पी. पाल, महाप्रबंधक (मा.सं.), पावरग्रिड, नागपुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सभी प्रतिभागियों द्वारा बनाए चित्रों की एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्घाटन रजनीश तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक (पावरग्रिड) तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया।

# राधिकानगर खेल ग्राउंड में चला स्वच्छता अभियान, लोगों ने की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रविवार को स्वच्छता ही सेवा है एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर पालिका निगम भिलाई व पर्यावरण मित्र मंडल,भिलाई व राधिका नगर रहवासियों द्वारा स्लाटर हाउस के सामने ग्राउंड में वृहद स्वक्षता अभियान चलाया। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया !

इस स्वच्छता ड्राइव के दौरान नगर पालिका निगम भिलाई के स्वक्षता अधिकारी जावेद अली ने कहा कि हम सभी को घर से निकलकर निगम के स्वक्षता टीम को अपने अपने स्तर पर सहयोग करना चाहिए, जैसा कि आज राधिका नगर के रहवासियों व पर्यावरण मित्र मंडल कि स्वक्षता के प्रति

## मिनी स्टेडियम बनाने विधायक रिकेश से करेंगे मांग



जागरूकता कि मुहिम बेहद अच्छी लगी। एक अच्छा संदेश उन्होंने मिलकर दिया। जनप्रतिनिधि मदन सेन ने कहा कि इस ग्राउंड को जल्द ही मिनी स्टेडियम का रूप देने हेतु शासन स्तर पर पहल करने हेतु हम वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन का सहयोग व समर्थन लेगे। स्वक्षता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी ने स्वक्षता सर्वेक्षण 2024 को सफल बनाने हेतु रहवासियों एव नागरिकों से अपील कि है कि लोग घरों से निकलने वाले कचरों को सिर्फ कचरा कलेक्शन करने वाले निगम के गाड़ियों को दे, इधर उधर बिलकुल ना फेंके। ऐसा करके वह स्वच्छता के क्षेत्र में बहुत बड़ा सहयोग कर सकते है। पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई के चंद्रशेखर सिंह व बालू राम वर्मा ने आज के अपनी पूरी स्वच्छता की टीम के साथ सहभागिता करते हुए कहा कि आज का अभियान बेहद जागरूक करने वाला था । क्योंकि यह ग्राउंड का उपयोग यहां के रहवासी खेल ग्राउंड बना कर वृक्षारोपण कर सकते है। राधिका नगर निवासी आशीष दत्ता ने स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अमिताभ भट्टाचार्य कि सराहना करते हुए कहा कि इतने सुंदर ग्राउंड का लगातार साफ सफाई कर ,इसका सदुपयोग करना चाहिए।साथ ही उन्होंने स्लाटर हाउस के सामने व राधिका नगर के पहले मार्ग को जल्द सीमेंटीकरण हेतु निगम के आला अधिकारियों से निवेदन किया। क्योंकि रात होते ही यह मैदान अंधेरे के आगोश में चले जाने से असामाजिक लोगों के जमावड़े से छुटकारा प्राप्त करने हेतु उचित प्रकाश व्यवस्था किया जाए।

## खबर संक्षेप

### मीडिया कर्मी को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**भिलाई।** मीडिया कर्मी को जान से मारने की धमकी मिली है। जिसकी शिकायत पुलिस में की गई है। विगत 10 सितंबर को यूट्यूब चैनल राष्ट्रबोध में 'भिलाई के पांच स्थानों लव जिहाद' की खबर प्रसारित करने के बाद पत्रकार पवन केसवानी को जान से मारने की दूसरी बार धमकी दी गई है। 12 सितंबर को भिलाई के छावनी थाने में नामजद शिकायत की गई थी। बावजूद इसके आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई और तो और शिकायतकर्ता पवन केसवानी से उनका बयान भी नहीं लिया गया। 30 नवंबर को दोपहर 3:10 पर भिलाई के सेक्टर 5 से सेक्टर 6 मार्केट की ओर जाने वाली सड़क की शुरुआत में चौराहे पर अचानक दो युवकों ने मीडिया कर्मी पवन केसवानी को एक बार फिर से लव जिहाद की खबर का उल्लेख करते हुए गली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। बाइक सवार दो अज्ञात युवकों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में आ चुकी है। शिकायत कोतवाली सेक्टर 6 थाने में की गई है। पवन केसवानी द्वारा लव जिहाद की खबर दिखाए जाने पर कुछ लोग 11 सितंबर को छावनी थाने का घेराव करते हुए पत्रकार पवन केसवानी के खिलाफ आपत्तिजनक मारे भी लगाए थे। इसके बाद हिंदूवादी संगठनों ने पवन केसवानी के समर्थन में जगह-जगह सार्वजनिक सम्मान किया था।

### कोक ओवेन कर्मियों को मिला शिरोमणि



**भिलाई।** भिलाई इस्पात सयंत्र में के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन को सीओ—सीसीडी के सभागार में किया गया था। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा थे। तुलाराम बेहेरा ने शिरोमणि पुरस्कार समिति द्वारा अनुशंसित, इंजीनियरिंग असोसिएट भारद्वाज राणा व देवल सिंह भुआर्या को सितम्बर के लिए, कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। श्री बेहेरा ने रखरखाव का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी और उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम में कोक ओवेन एवं सीसीडी के अनुभाग प्रमुख महाप्रबंधक एमएस नायक, महाप्रबंधक एसबी पाटिल, टीके मुखर्जी, बी सी मंडल, अतुल गोस्वामी, पीएम राजेंद्र कुमार, सहायह प्रबंधक सुनील गुप्ता, प्रदीप कुमार वर्मा व अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रवीण शर्मा व अन्य अधिकारीगण उपास्थित थे। । कार्यक्रम का संचालन कार्मिक अधिकारी मारेपल्ली तन्मयी और अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी एमएम श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### ओए ने सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा नवम्बर सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा और उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन में हुआ । विशिष्ट अतिथि सीजीएम पीके सिंह व अध्यक्षता सेफी चेयरमेन और ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने की। महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष माइंस नीतेश क्षत्री, सचिव संजय कुमार तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे। अधिकारियों व उनकी पत्नियों का पौधे और सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारियों सेवा काल के अविस्मरणीय क्षणों को उल्लेख किया। इस सम्मान समारोह में जेकब कुरीयन, जीएम (पीआरडी), हरीश कुमार साहू जीएम (प्रोजेक्ट), बिरजू पासवान, जीएम (सीओसीसीडी), राजीव वर्मा, जीएम (एसएमएस-3) उमेश बांधे, डीजीएम (दल्ली) शमरेस कुमार मिश्रा, एजीएम (एफएंडपीएस) व टी डी प्रदीप, एजीएम (एसएमएस-3) का सम्मान किया गया।

**समारोह:** युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री साव

# डिप्टी सीएम साव ने की साहू मित्र सभा भवन के लिए 20 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

साहू मित्र सभा भिलाई नगर के तत्वावधान में रविवार को साहू सांस्कृतिक सदन सुपेला भिलाई में साहू समाज के 21वें युवक-युवती परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वैशालीनगर विधानसभा विधायक रिकेश सेन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने हुए कहा कि साहू समाज साहू मित्र सभा बेहतरीन कार्य कर रहा है। युवक युवती परिचय सम्मेलन पूरे प्रदेश में हो रहा है। परिवार की मदद करने के उद्देश्य से परिचय सम्मेलन कारगर सिद्ध हो रहा है। साहू समाज ईमानदारी और मेहनत से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में साहू समाज अपनी अलग पहचान बनाकर नाम रोशन कर रहा है। आज के समय की आवश्यकता के अनुसार ऐसे ही योजना के साथ साहू समाज को आगे बढ़ना है। हमें सभी समाज को साथ लेकर चलना है और समाज की गरिमा बनाकर रखना है।

## समाज के विवाह योग्य युवक-यवतियों ने मंच पर आकर दिए अपने परिचय





### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया । समारोह में सीजीपीएससी 2023 मैं 14 रैंक लाने वाली मोनिका साहू, इस सत्र में स्व. डॉ. मनराखनलाल साहू स्मृति समाज श्री सम्मान से सांसद व अध्यक्ष कुर्मी समाज अध्यक्ष विजय बघेल को प्रदत्त किया गया। उत्कृष्ट इकाई का सम्मान से. 7,8,9,10 इकाई को मिला। उत्कृष्ट पुरुष सम्मान डॉ शैलेंद्र साहू एवं उत्कृष्ट महिला सम्मान झनिक साहू, निर्धन विद्यार्थी सम्मान श्याम लाल साहू द्वारा प्रदत्त किया गया। उपमुख्यमंत्री साव ने विद्यार्थियों को आर्थिक रूप से मदद करने का भी आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने सामाजिक एकता पर जोर दिया।

### ये अतिथि हुए शामिल

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रायपुर टहल सिंह साहू, सलाहकार प्रदेश साहू संघ रायपुर रमेश साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ भिलाई हरिद्वारिका साहू तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प विकास बोर्ड छ.ग. शासन दीपक ताराचंद साहू, सभापति नगर पालिक निगम भिलाई गिरवर बंटी साहू, मौखिक इतिहासकार, उच्च वर्ग शिक्षक डॉ. सरिता यशवंत साहू, आर्किटेक्ट इंजिनियर, प्लानर एवं डिजाईनर, एम. के. साहू, डायरेक्टर तोरण अटल, अध्यक्ष तहसील साहू संघ रिसाली संतोष साहू, अध्यक्ष, तहसील साहू संघ, भिलाई-3 चरौदा चंद्रभूषण साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ जामुल जीवन प्रकाश साहू मौजूद थे। तहसील अध्यक्ष खेदराम साहू द्वारा अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया गया.. कोषाध्यक्ष भरत राम साहू द्वारा आय व्यय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सम्मेलन में साहू मित्र सभा के पदाधिकारी परसराम साहू, मंजूषा प्रसाद साहू, गजेंद्र गंजीर, अरुण साहू , सनत साहू, दानेश्वरी साहू, कौशल साहू उपस्थित रहे। . सभा का संचालन उन्मेष साहू महासचिव ने किया।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने मांगलिक पत्रिका परिचायिका का विमोचन किया। उन्होंने साहू मित्र सभा के आयोजन हेतु भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति की घोषणा की। इस मौके पर विवाह योग्य युवक युवतियों ने मंच पर आकर अपने परिचय दिए।

# मजदूर विरोधी शर्त पर कोई समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दिल्ली में मुख्य श्रम आयुक्त केंद्रीय के स्तर पर हुई बैठक में सीटू के हस्ताक्षर करने से मना करने पर सहयोगी यूनियनों के हमले पर सीटू ने तीखा प्रतिक्रिया जाहिर की है। यूनियन ने कहा कि है बैठक के पहले कर्मचारी मुद्दों को लेकर आखिर इतना सन्नाटा क्यों था। मजदूर विरोधी किसी भी शर्त पर सीटू कभी दस्तखत नहीं करेगा।

- आरएसली बैठक में हस्ताक्षर नहीं करने पर तीखी प्रतक्रिया

सीटू ने कहा कि सीटू को प्रबंधन, मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) अथवा सरकार के स्तर पर होने वाले बैठकों में भागीदारी करने का अवसर किसी के एहसान के कारण नहीं बल्कि कर्मियों के बीच सीटू के काम एवं उस काम के चलते कर्मियों के बीच सीटू की पकड़ तथा कर्मियों के द्वारा सीटू को मिलने वाले ताकत के कारण मिलता है । इसीलिए सीटू जब भी इन बैठकों में शामिल होता है उन बैठकों में कर्मियों से जुड़े हर मुद्दे पर गहराई से विचार करता है ।

### मतभेद से आगामी पे रिवीजन में नुकसान

सीटू महासचिव जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि यदि एरियर्स के लिए ना लड़ा गया तो आने वाले वेतन समझौते में भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। प्रबंधन अफॉर्डेबिलिटी क्लाज को लेकर मौन है, जबकि सतीश चंद्र कमेटी के अनुशंसा को ध्यान में रखते हुए 22 नवंबर 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अध्यक्षता में कर्मियों के वेतन समझौता के लिए जो गाइडलाइन जारी किया गया था, उसमें अफॉर्डेबिलिटी एवं फाइनेंशियल सस्टेनेबिलिटी का क्लाज है जिसका हवाला देकर प्रबंधन ना केवल बैठक बुलाने में देरी किया। अब खुलकर इस बात को कह रहा है कि सरकार एरियर्स देने के लिए अनुशंसा नहीं किया है । एरियर्स के लिए आरपार की लड़ाई लड़ने के लिए सभी यूनियन खींचतान छोड़कर एक मंच पर आ जाएं अन्यथा प्रबंधन इसी तरह मनमानी करेगा।

## डूमरडीह में गोदना शिल्प प्रशिक्षण का समापन

**भिलाई।** सेल—भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम डूमरडीह में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के सहयोग से 'गोदना शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम' क का समापन मुख्य महाप्रबंधक (एमडब्ल्यूआरएम) एमके गोयल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विशेष अतिथि उप महाप्रबंधक राजीव कुमार थे। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रबंधक सीएस केहरी, उप प्रबंधक कमलकांत वर्मा, ग्राम पंचायत डूमरडीह की सरपंच चक्षुप्रभा सहित प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित थे।

## गोठान योजना बदहाल: भिलाई में भूख और बीमारी से 10 मवेशियों की हुई मौत

**भिलाई।** भिलाई में भूख और बीमारी से 10 मवेशियों की मौत से आक्रामक हुए जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कोसानाला और बायपास के गौठान में 10 मवेशियों की मरने की वजह भूख-प्यास और बीमारी है।कई मवेशियों की स्थिति बहुत खराब है। पैरा, चारा-कुट्टी की व्यवस्था नहीं होने से कई मवेशी बीमार भी है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार की गौठान योजना अब बदहाल हो चुकी है। गायों की देखभाल करने के लिए कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में गौठान बनाए थे। लेकिन अब गौठान बदहाल हो चुके हैं। गौठान में गायों की कब्रगाह बन गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने गौठान बंद कर दिया। आवारा पशुओं के कारण राजमार्गों पर भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। उच्च न्यायालय ने भी इसका संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा की सरकार की हठधर्मिता के कारण पशुओं की तस्करी हो रही है। पहले कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार में पशु तस्करी की बातें नहीं सुनाई देती थीं, लेकिन आज इसके पीछे गोठानों का बंद होना मुख्य कारण है। भाजपा सरकार गाय पर राजनीति कर रही है व सरकार के तमाम प्रशासनिक अधिकारी गाय को अनदेखा कर रहे हैं। इसकी जांच होनी चाहिए। दोषी अधिकारियों को बर्खास्त करना चाहिए। जिम्मेदार अधिकारी इनकी दुर्दशा देखकर भी अनदेखी कर रहे हैं, यही वजह है कि गौ-वंश तिल-तिल कर जीते और तड़प-तड़प कर मर रहे हैं। वहीं जिला अध्यक्ष ने सरकार से मांग की है कि वह दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करे। यदि सरकार इसमें जरा भी आना कानी करती है, तो कांग्रेस इस मामले को लेकर शीघ्र ही सड़कों पर उतर आंदोलन करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी,भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि इस मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी धरना प्रदर्शन करेगी।



- आक्रामक हुए जिला अध्यक्ष मुकेश, लगाम नहीं लगने पर दी ये चेतावनी

## रावघाट परियोजना से जुड़े गाँव के 20 युवाओं ने किया संयंत्र भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी के रावघाट परियोजना के प्रभावित क्षेत्रों के गोद लिए हुए ग्रामों को विकसित करने के उद्देश्य से 20 युवाओं को दो दिवसीय भिलाई इस्पात संयंत्र के भ्रमण के लिए लाया गया। सभी युवाओं ने बीएसपी में इस्पात बनने की प्रकिया को देखा और सम्बंधित जानकारी प्राप्त की । इस्पात भवन में मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार ने इन युवाओं से मुलाकात की ।

20 युवाओं में 5 महिलाएं शामिल थीं। ये सभी युवा पादरगांव, भैयासाल्हेभाट और फूलपाड ग्रामों से हैं। इसके बाद 2 दिसम्बर और 5 दिसम्बर को भी 20—20 युवाओं के समूह को संयंत्र के भ्रमण के लिए लाया जायेगा। उद्देश्य रावघाट परियोजना के साथ साथ परिधीय ग्रामों में भी एक सकारात्मक वातावरण और उनका विकास करना है। जिसके लिए बीएसपी अपने सीएसआर विभाग के माध्यम से कई परियोजनाएँ चला रही है। सी ए स आ र परियोजना के अंतर्गत आने वाले 60 गाँवों के स्कूलों में गिफ्ट मिल्क योजना, युवाओं को आईटीआई प्रशिक्षण और ड्रायविंग प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार उपलब्ध कराना, बालिकाओं को नसिंर्ग की शिक्षा प्रदान करना, आधारभूत सुविधाएँ पेय जल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य केंद्र, आदि शामिल है।

- बीएसपी की मदद से आ रहा बदलाव

## जिला भाजपा संगठन चुनाव की प्रक्रिया तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला भाजपा भिलाई के संगठन चुनाव के लिए सियासी सरगरमी शुरु हो गई है । सदस्यता अभियान खत्म होने के बाद दावेदारों की भी रेस बढ़ गई है। चुनाव प्रक्रिया वर्षांत तक होने के आसार हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा संगठन चुनाव के लिए जिले में प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता अभियान पर 30 नवंबर को विराम लग गया है। एक से 15 दिसंबर के बीच मंडल स्तर की चुनाव प्रक्रिया होना है। इसके लिए अंतिम सूची का प्रकाशन तत्काल होना है। बूथ गठन का काम भी शुरु हो गया है। जिला संगठन द्वारा कार्यकर्तो से सदस्यता बुक तत्काल अनिवार्य रुप से जमा करने कहा गया है। पार्टी को सदस्यता मुहिम के दौरान मिले रिस्पांस से कार्यकर्ताओं के साथ दावेदारों में भी खासा उत्साह है। विदित हो कि जिला भाजपा भिलाई में 1 लाख 73 हजार रिकार्ड सदस्य बनाए गए हैं। वहीं जिला भाजपा दुर्ग में 2 लाख 15 हजार सदस्य बनाए गए हैं। सदस्यता अभियान के बाद अब चुनाव के लिए चरणबद्ध प्रक्रिया तेज हो गई है। सबसे पहले बूथों के चुनाव होने हैं। इसके बाद मंडल स्तर पर चुनाव होगा। आखिर में जिला संगठन का चुनाव होगा।

- जिला भाजपा भिलाई में बने एक लाख 73 हजार सदस्य

### कार्यकर्ताओं में उत्साह

जिला भाजपा मंडलों के चुनाव 1 से 15 दिसंबर तक होगा। भिलाई मे तीन नए मंडल बनने से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। मंडल चुनाव के बाद 16 दिसंबर से 30 दिसंबर के बीच जिला संगठन का चुनाव होगा। मंडल व जिला के लिए अभी से दावेदारों की कवायद बढ़ गई है।

## बीएसपी का धौराभाठा में बांस हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग और छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श इस्पात ग्राम धौराभाठा, विकासखंड पाटन में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीन माह तक बांस हस्तशिल्प कला का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जीएम वी पद्मिनी कुमार के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रबंधक सीएस केहरी, ग्राम पंचायत धौराभाठा की सरपंच बिन्देश्वरी मेश्राम, उप प्रबंधक कमलकांत वर्मा सहित प्रशिक्षु महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थे। प्रशिक्षु महिलाओं को बांस हस्तशिल्प कला का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) जीएम वी पद्मिनी कुमार ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में सभी कठिनाइयों पर समाधान पाकर आगे बढ़ने की क्षमता नारियों में होती है। उप प्रबंधक कमलकांत वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि महिलाएं शिल्प कला का उपयोग कर परिवार का आर्थिक र सक्षम हो पाएंगी।

**ज्वेलर्स संचालक से 18 लाख 71 हजार के जेवरात खरीदकर रखा था गिरवी**

# नेवई पुलिस ने मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस मैनेजर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छः माह पूर्व लक्ष्मी ज्वेलर्स संचालक से ठगी करने के मामले में पुलिस ने सह आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरवी रखे समान को जब्त करने कई बार मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड रिसाली की ब्रांच मैनेजर को नोटिस देकर अवगत कराया लेकिन पुलिस की नोटिस का असर महिला ब्रांच मैनेजर सोरिद नगर धमतरी हाल निवास आजाद मार्केट रिसाली निवासी लक्ष्मी यादव पर नही पडा। पुलिस ने अपराध में सहयोग करने के आरोप में ब्रांच मैनेजर लक्ष्मी यादव को जेवरात के साथ पकडा। मामले में नेवई पुलिस ने धारा 420, 406, 411 , 120 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। गौरतलब हो कि रिसाली बस्ती स्थित लक्ष्मी ज्वेलर्स से मंत्रालय कर्मी बताकर विवेक शर्मा शांति नगर भिलाई निवासी ने 18 लाख 71 हजार रूपए के सोने के जेवरात खरीदा था। जिसके एवज में 10 रूपया का चेक ज्वेलर्स संचालक को दिया था, लेकिन जो बैंक में लगाने के बाद बाउंस हो गया। उसके बाद ज्वेलरी संचालक विवेक शर्मा से अपने रूपए लेने के लिए कई बार चक्कर लगाना पडा। लेकिन आरोपी विवेक शर्मा रूपये के लिए लगातार टालमटोल करता रहा। परेशान होने के बाद शिकायत नेवई पुलिस से की गई। पुलिस ने शिकायत के कुछ ही दिन बाद विवेक शर्मा को गिरफतार कर जेल भेज दिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी विवेक ने बताया कि उक्त जेवरात को मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड रिसाली में गिरवी किया था।



### मंत्रालय कर्मी बताकर साली के लिए खरीदे थे जेवरात

गौरतलब हो कि 13 मई को लक्ष्मी ज्वेलर्स रिसाली बस्ती से मुख्य आरोपी विवेक शर्मा सड़क 5 शांतिनगर भिलाई ने खुद को मंत्रालय का कर्मचारी व अपनी साली की शादी में बतौर दहेज देना बताते हुए 18 लाख 71 हजार रुपए के सोने के जेवरात खरीदे थे। भुगतान के लिए 2 चेक खुद के नाम व दो अन्य के नाम कुल 4 चेक दिए थे। ज्वेलरी संचालक हेमंच सोनी के बैंक जाने पर चारों चेक बाउंस हो गए। आरोपो के कई दिनों तक चक्कर लगवाने के बाद प्रार्थी ने 2 माह पूर्व नेवई थाना में अपराध दर्ज करवाया था। दो दिन बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते हैं कि उससे पुलिस पूछताछ में सोने के जेवरात मणप्पुरम में बिना बिल के गिरवी रखने और खुद के आधार कार्ड के अलावा एक अन्य आधार कार्ड का मणप्पुरम गोल्ड द्वारा इंतजाम कराने की कुबूलनामे के 2 माह बाद भी जब्ती करने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई। इस गिरवी रखने वाला बैंक भी जब्ती नहीं करने देने के लिए अड़ा रहा।

### जेवरात जब्ती करने पहुंची पुलिस

मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड रिसाली में 29 नवंबर को जब पुलिस जब्ती करने पहुंची तो ब्रांच मैनेजर लक्ष्मी यादव ने सोना जब्ती नहीं बनने दिया। इसके चलते पुलिस ने उसे पुलिस कार्य में अवरोध व बिना बिल के अवैध रुप से सोना गिरवी रखे जाने के मामले में नेवई थाना लाकर पूछताछ करना शुरू किया। ब्रांच मैनेजर लक्ष्मी यादव ने सहयोग नहीं करने पर पुलिस ने दो दिसंबर तक रिमांड मांगा था।

### लक्ष्मी को नहीं मिली बेल

आरोपी लक्ष्मी यादव ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी वीरेंद्र सिंह की कोर्ट में जमानत अर्जी लगाई । लेकिन प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता गौरव सोनी के आपत्ती के आवेदन पर आरोपी को जमानत खारिज हो गई। विदित हो कि प्रार्थी ने गिरवी रखे सोन के जेवरात अपनी ज्वेलरी दुकान से खरीदी के नाम पर ठगी करने की रिपोर्ट लिखाई थी। जेवरात इस प्रकार हैं- सोने का जेवर हाफसैट वजन 21.510 ग्राम, झुमका वजन 10.750 ग्रा,मांगटीका वजन 3.660 ग्रा,नथ वजन 4.330ग्रा. चूड़ी 30. 850ग्रा, कीमत 5 लाख 66 हजार 666 रुपए,अंगूठी- 4.800 ग्रा, 4 अंगूठी क्रमशह 4.800 ग्रा., 4.800 ग्रा. 4. 500 ग्रा., 3. 960 ग्रा. कुल कीतम 1 लाख 44 हजार 17 रुपे। सोने का चेन वजन क्रमशह 11.380ग्रा, 11. 310 व 12.110 ग्रा, 10.210 ग्रा, कीमत 3 लाख 58 हजार 727 रुपए । रानी रानी हार 43.770 ग्रा., लाकेट2.920 ग्रा., मोती 0.900 मिलीग्रा, चेन 19.900 ग्रा, चूड़ी 27.800 ग्रा. कीमत 7 लाख 66हजार 94 रु., सोने का लाकेट 2.850 ग्रा., पाइप 1.600 ग्रा.कीमत 30 हजार 778 कुल जेवरातों की कीमत 18 लाख 71 हजार 282 रुपए।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 2 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129

02



ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर क्षत्रिय माली समाज ने किया याद

लाइव इवेंट

## हमारी रसोई, हमारी जिम्मेदारी की थीम पर बनाएं ललीज व्यंजन



**भिलाई।** इंडियन ऑयल कंपनी के द्वारा एरिया मैनेजर रूपेश राठोड़ के निर्देशानुसार एवं एरिया ऑफिसर निर्मल माहेश्वरी के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता मिथिला खिचरिया, गिरीश बंसल, शैलेश मंडावी, रवि खिचरिया, सुधीर सोनी, दीपेश पिस्दा, अनिकेत दीक्षित सहित दुर्ग -भिलाई के गैस एजेंसी के संचालक विशेष सहयोगी के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान बेसिक सिक्योरिटी चेक करने में बेहतर प्रदर्शन करने वाले डिलीवरी ब्वायज को सम्मानित किया गया। कुकिंग कांपीटिशन में प्रतिभागियों के द्वारा हरे मटर का हलवा, गुलगुले, चीला, ब्रेड पकोड़ा, समोसा, सेंडवीच, बड़ा , गोभी पराठे सहित अन्य स्वादिष्ट व्यंजन बनाए गए जिन्हें जजमेंट के आधार पर पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर खाना बनाते समय किन-किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए उसकी विस्तृत जानकारी शिविर में दी गई।

सिटी इवेंट

## विद्यार्थियों को परामर्श सत्र में रुचि अनुसार करियर चुनने दी सलाह



**भिलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोदा टैंक भिलाई में 9वीं और 10वीं में नामांकित छात्रों के लिए करियर परामर्श सत्र का आयोजन सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के मनोविज्ञान विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य स्कूली बच्चों की उनकी रुचियों और मनोवैज्ञानिक कल्याण के साथ उनकी करियर प्राथमिकताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। छात्रों का मूल्यांकन एन रो द्वारा स्थापित अनुभवजन्य ढांचे पर आधारित मनोवैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग करके किया गया। मूल्यांकन के परिणामों पर बाद में कॉलेज के प्रोफेसरों और प्रशिक्षु परामर्शदाताओं द्वारा छात्रों के साथ एक-एक करके विचार-विमर्श किया गया। कॉलेज के प्रशासक फादर डॉ. पीएस वर्गीस और प्राचार्य डॉ. एमजी रॉयमन ने विभाग को इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. देबजानी मुखर्जी ने मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यवसाय के रुझान विषय पर बात रखी। यह सहयोगात्मक पहल सेंट थॉमस कॉलेज और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मरोदा टैंक, भिलाई के बीच एक सहक्रियात्मक सहयोग का प्रतिनिधित्व करती है। संस्था की प्राचार्य मित्रा रॉय चौधरी ने अन्य विभिन्न स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सहायक प्रोफेसर डॉ सुमिता सिंह, डॉ निम्मी वर्गीस, डॉ देबजानी मुखर्जी और डॉ अंकिता देशमुख के मार्गदर्शन में सत्र का संचालन किया। एमए मनोविज्ञान मार्गदर्शन और परामर्श में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के छात्र प्रशिक्षण परामर्शदाता थे, जिन्होंने परीक्षण और परामर्श सत्र आयोजित करने में संकाय की सहायता की। दोनों संस्थानों के सहयोग से स्कूली छात्रों को करियर विकल्पों के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ और साथ ही युवा प्रशिक्षु परामर्शदाताओं को कॉलेज के संकाय के सक्षम मार्गदर्शन में अनुभवात्मक और व्यावहारिक रूप से सीखने का अवसर मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न व्यवसायों के बारे में जागरूकता फैलाना था जिससे उनकी रुचि का पता चल सके, यह एक कर्मचारी के कार्य जीवन को तनाव मुक्त बना सकता है।

■ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोदा में करियर परामर्श

सिटी इवेंट

## शासकीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण



**भिलाई।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दुर्ग संभाग स्तरीय सम्मेलन कबीरधाम में आयोजित हुआ। संभागीय सम्मेलन के साथ ही जिला कबीरधाम के संगठन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी हुआ। इस संभाग स्तरीय सम्मेलन में मुख्य संरक्षक पीआर यादव, प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा, महामंत्री विजय लहरे, उमेश मुदलियार सहित प्रांतीय नेतृत्व एवं दुर्ग संभाग के समस्त जिला अध्यक्ष पदाधिकारी उपस्थित हुए, जिसमें दुर्ग जिला से जिला अध्यक्ष भानु प्रताप यादव, सचिव शिवदयाल धृतलहरे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र देशमुख, गौरी शंकर रावना सहित संगठन के विभिन्न साथी सम्मिलित हुए।

● दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में विद्यार्थियों को शोध कार्य करने किया प्रोत्साहित

# विकसित भारत के दौर में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण
# लक्ष्य के प्रति एकाग्रता से ही सफलता मिलती है : चौधरी

भिलाई। केवल डिग्री ही आपको जीवन में सफल नहीं बनाती है बल्कि अपने तय लक्ष्य के प्रति आपकी एकाग्रता और लगन सफलता सुनिश्चित करती है। विद्यार्थियों के जीवन के लिए असफलता का मतलब यह नहीं है कि रास्ते बंद हो गए हैं जबकि इस अनुभव का लाभ ले कर अपनी मंजिल को पाने जुट जाएं। यह मोटिवेशनल बातें छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओ पी चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। जिसके समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओ पी चौधरी उपस्थित थे। इस अवसर पर शोध पत्रिका का विमोचन भी किया गया। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी एवं कामधेनु विश्वविद्यालय के मध्य शोध कार्य संबंधी एम ओ यू भी किया गया।

### शोध को आगे बढ़ाते हुए सरकारी योजनाओं का लें लाभ : मिश्रा

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं में शोध कार्य को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने न्यूटन का उदाहरण देते हुए विद्यार्थी की वैज्ञानिक सोच एवं प्रतिभा को विकसित करने पर जोर दिया और भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार की युवाओं के लिए इंटर्नशिप और स्टार्टअप की योजनाओं का लाभ विद्यार्थी को लेने का आव्हान किया। श्री मिश्रा ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस बहु विषयक होने से विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों का लाभ हमारे विधार्थियों को मिला है जो आज की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एके झा, आईआईटी के डायरेक्टर डॉ राजीव प्रकाश ने भी विधार्थियों को संबोधित किया। कॉन्फ्रेंस की संयोजक डॉ स्वर्णली दास पॉल ने अपने आधार वक्तव्य में दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की जानकारी दी। कॉन्फ्रेंस में कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आरआरबी सिंह भी उपस्थित थे।





### विश्वविद्यालय के मध्य शोध कार्य संबंधी हुआ एमओयू

प्रोफेसर गुंजन जैसवानी ने बताया कि श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी एवं कामधेनु विश्वविद्यालय के मध्य शोध कार्य संबंधी एम ओ यू भी किया गया। इस अवसर पर शोध पत्रिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ सुशील चंद्र तिवारी, सागर अग्निहोत्री, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ श्रुति तिवारी सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में डॉ पी बी देशमुख ने आभार प्रदर्शन किया।

### इंटर्नशिप और स्टार्टअप के लिए किया प्रेरित

दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह में उपस्थित वित्तमंत्री ओ पी चौधरी बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों को अपने मोटिवेशनल स्पीच से संबोधित करते हुए भारत की अर्थ व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने वर्तमान समय में विकसित भारत के बढ़ते दौर में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इंटर्नशिप और स्टार्टअप को लेकर उन्होंने कई जीवंत उदाहरणों के माध्यम से प्रेरित किया और आव्हान किया कि युवा अब अपनी बुद्धि और सोच का उपयोग करे और लाभ उठाएं। श्री चौधरी ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्होंने रिसर्च और डेवलपमेंट की दिशा में इस प्रकार के आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया।

**श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में हुआ आयोजन**



## अंतर विश्वविद्यालय पूर्वी क्षेत्र प्रतियोगिता में खो-खो पुरूष टीम ओडिशा में लेगी हिस्सा

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की पूर्वी क्षेत्र अंतर वि.वि. खो-खो पुरूष टीम 3 से 6 दिसंबर को फकीर मोहन विश्वविद्यालय, बालासोर ओडिशा में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए। खेल संचालक डॉ दिनेश कुमार नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम के खिलाड़ियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शासकीय विश्वनाथ तामस्कर महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित कराया गया। टीम के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। सभी खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय द्वारा कीट प्रदान किया गया। इस अवसर पर खेल संचालक



डॉ. दिनेश नामदेव एवं उपकुसचिव डॉ. राजमनि पटेल उपस्थित रहे। इस टीम के मैनेजर व्यायाम शिक्षक शासकीय आत्मानंद स्कूल पाटन हेमंत बघेल कोच मनीष टोप्पो क्रीड़ाधिकारी शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद है। टीम में दुर्गेश कुमार साहू सेठ महाविद्यालय दुर्ग, विकास कुमार शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, राजदीप साहू मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, हर्ष सिंह राजपूत सेठ आरसीएस महाविद्यालय दुर्ग, रितेश कुमार शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, लक्ष्यदीप बंजारे, अंकुश सिंह, सेजल कुमार, राहुल कुमार साहू शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, चमन कुमार शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, थमलेश्वर शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी, विमल टंडन शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई के खिलाड़ी शामिल है जो ओडिसा में आयोजित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन करेंगे।

## इंडियन ताईक्वांडो क्लब के 43 खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन





**भिलाई।** जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग के तत्वाधान में ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा का आयोजन रेलवे स्कूल बीएमवाए चरोदा में रखा गया था। जिसमें जिले के 125 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा के 45 खिलाड़ियों में 43 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर सफलता हासिल की और रविवार को सिद्धार्थ टाउन उम्दा भिलाई 3 में सफल खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। इंडियन ताइक्वांडो क्लब के सचिव एवं कोच अनिल कुमार देवांगन ने बताया सर्टिफिकेट वितरण समारोह मे क्लब के कोच सोनिया सोनी, तीजन सिन्हा, ऋषि बर्मन, सुजल दास उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया और सर्टिफिकेट वितरण के साथ ही आगामी 26 से 28 दिसंबर बिलासपुर मे होने वाले राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता मे सफलता प्राप्त कर अपने जिले का मान बढ़ाने का आशीर्वाद बच्चों के माता-पिता ने दिया। वितरण समाहरो में विजय मेश्राम, भागीरथी निर्मलकर, ऋषि कुमार साहू, बबिता सिन्हा, कुलदीप वर्मा, अनिल साहू सहित बच्चों के अभिभावक सहित अन्य जन शामिल होकर विजेताओं को प्रोत्साहित किया।

श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में 36 वां वार्षिक क्रीड़ोत्सव का समापन

# बच्चों ने योग और इन्द्रधनुषी ऐरोबिक्स का किया शानदार प्रदर्शन, मशाल लेकर लगाई दौड़, वार्षिक खेलकूद में जीते मेडल

कार्नर न्यूज

भिलाई। श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में वार्षिक खेल-कूद दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें प्राइमरी के बच्चों से लेकर स्कूल के स्टाफ और उपस्थित अभिभावकों के लिए मनोरंजक खेल रखे गए थे और सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईपीएस डी रविशंकर अतिरिक्त परिवहन आयुक्त रायपुर, अध्यक्ष वी रामचंद्रन, सचिव एस स्वामीनाथन, कोषाध्यक्ष टी व्यंकटरमन, प्राचार्य बिपिन देशमुख, प्रधान अध्यापिका शोभा नायर, शीजा जॉन, चरनीत कौर संधु, पालक शिक्षण समिति के सदस्य उपस्थित थे।



### खेल दिवस का किया शुभारंभ



कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर किया गया साथ ही बच्चों ने प्रेरक गीत गाकर और पुष्प-गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने शालेय ध्वज फहराकर खेल दिवस का शुभारंभ किया। शाला के चारों सदनों के प्रमुख प्रीफेक्टोरियल निकाय ने परेड कर सलामी देकर शपथ ली। राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिताओ में विजेता विद्यार्थियों साथ खेल शिक्षकों ने जलती मशाल को लेकर दौड़ते हुए जीत का प्रदर्शन किया। कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों ने योग, पी.टी.और इन्द्रधनुषी ऐरोबिक्स का शानदार प्रदर्शन जीतान्जय साहू, संचिता सक्सेना, रश्मी देशमुख और अनीता महानंद के मार्गदर्शन में किया।प्राचार्य बिपिन देशमुख ने विद्यालय के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होने अपने संबोधन में खेल का महत्त्व बताते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।

### विभिन्न गेम्स में यह रहे विजेता

कक्षा पांचवी के छात्रों की 400 मीटर की रिले रेस में प्रथम अग्नि सदन, द्वितीय पृथ्वी सदन तथा तृतीय वायु सदन रहे। 80 मीटर छात्राओं की दौड़ में कक्षा पांचवी की प्रथम श्रेया दास, द्वितीय रितिका रॉय, तृतीय हर्षिता रही। कक्षा चौथी के छात्रों में प्रथम समीर ठाकुर, द्वितीय ए निखिल, अद्विक तिवारी, कक्षा तीसरी की छात्राओं में प्रथम सान्वी सोनवानी, द्वितीय लभ्या वर्मा, तृतीय अराध्या पांडे, कक्षा दूसरी की 50 मीटर छात्रों की दौड़ में प्रथम प्रेयश ध्रुव, द्वितीय श्लोक मल्होत्रा, तृतीय ओम यादव, कक्षा पहली की 50 मीटर छात्राओं की दौड़ में प्रथम मायरा समृद्धि, द्वितीय आनम हसन, तृतीय तनिषा परमार, कक्षा के .जी. 2 के छात्रों के गुब्बारा फोड़ दौड़ में प्रथम हेताश साहू, द्वितीय श्रीयान अग्रवाल, तृतीय मोहम्मद आरिज़ खान, कक्षा के जी 1 के छात्रों के शंकु अदला -बदली प्रतियोगिता में प्रथम चेतन्या मारगिया, द्वितीय आंजनेय पांडेय, तृतीय अर्नव चंद्राकर, नर्सरी की छात्राओं की बिस्किट दौड़ में प्रथम राध्या चंद्राकर, द्वितीय आस्था कुमारी, तृतीय आशी विजेता रही। स्कूल की शिक्षिकाओं के लिए पुस्तक संतुलन प्रतियोगिता में सुनीता पटनायक, नीलम राजपूत, सविता अनिल विजेता रहीं। राज्य स्तर पर विजयी 7, राष्ट्रीय स्तर पर विजयी 6 एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## सिटी इवेंट

# अच्छी बातें बोलने व सुनने से होता है व्यक्तित्व का निर्माण



**भिलाई।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के वाणिज्य विभाग द्वारा व्यक्तित्व विकास विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिथि वक्ता के रुप में स्वामी प्रपदयानंद रामकृष्ण मिशन रायपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। स्वामी ने अपने उद्बोधन में व्यक्तित्व विकास के तीन घटकों शरीर, मन, बुद्धि पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि व्यक्तित्व का निर्माण अच्छी बातें करने, बोलने व सुनने से होता है। शुद्ध बुद्धि से परमार्थी बनना होगा। उन्होंने कहा कि हमें सोचना है कि हम पूरे समाज, देश व विश्व के लिए इस दुनिया में आए है इसलिए मुझे पूरे समाज व देशहित के लिए काम करना होगा। राष्ट्रहित के लिए उन्होंने सभागार में उपस्थित समस्त छात्राओं को शपथ दिलाया। प्रभारी प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि नैतिक मूल्यों के अभाव में आज हमारे युवाओं में देशप्रेम की भावना तथा नेतृत्व का अभाव होता जा रहा है, इसलिए भारत का कल्याण मूल्य आधारित शिक्षा से ही संभव है। जिसके लिए नई शिक्षा नीति एक कारगर उपाय है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत विकास के लिए इस प्रकार के व्याख्यान छात्राओं के सर्वांगीण विकास में प्रभावपूर्व भूमिका अदा करते है। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग सहायक प्राध्यापक डॉ. मंजुलता साव और आभार डिंपल साहू द्वारा किया गया।

- वाणिज्य विभाग द्वारा व्यक्तित्व विकास पर हुआ व्याख्यान



## धर्म लाइव

# ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर क्षत्रिय माली समाज ने किया याद



**भिलाई।** क्षत्रिय माली समाज हाउसिंग बोर्ड द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दादाराव बोराडे, पार्षद स्मिता दोड़के, विशेष अतिथि ऑल इंडिया सैनी माली सभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नीतीश कश्यप एवं कुशवाहा समाज के अध्यक्ष हरिबंश उपस्थित थे। छत्रिय माली समाज के अध्यक्ष अजय काले द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके नारों का जय घोष किया गया एवं उनके विचारों उनके सिद्धांतों को समाज व देश के जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से रामभाऊ श्रीखंडे, दत्तू झाडे, राजेंद्र आपले, प्रदीप लांडे, अविनाश शेगोकर, राजेश भूयार, मनोज भूयार, किशोर कडुस्कर, प्रदीप महाजन, बोबडे, वैशाली काले, विद्या लांडे, मनीषा कडुस्कर, भारती गनोरकर, मंदा वासनकर, मंदा झाडे, नंदा शेगोकर, गीता बोडखे, मंदा कामिनिकर एवं सैकड़ो की संख्या में समाजिक जन उपस्थित होकर ज्योतिबा फूले के विचारों को आत्मसात करने की बातें कही।

- महात्मा ज्योतिबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने लिया संकल्प

## समाज इवेंट

# वेलफेयर की टीम ने बांटे वृद्धाश्रम में जरुरत के सामान




**भिलाई।** सामाजिक कल्याण में हाथ बंटाते हुए सुबास वेलफेयर सोसायटी सिंधिया नगर ने भिलाई सेक्टर-8 स्थित आस्था वृद्धाश्रम का दौरा किया। वृद्धाश्रम में रहने वाले लोगों के साथ समय बिताया। इस दौरान सुबास वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने वृद्धाश्रम में रहने वालों को नाश्ता और उन्हें राशन, साबुन, तेल समेत अन्य सामान भी वितरण किया। नेक काम ने वृद्धाश्रम में रहने वालों के साथ यादगार पल बिताए और उनके चेहरों पर मुस्कान लाई। दान देने वालों में अध्यक्ष काकुली भांजा, कोषाध्यक्ष गौतम सिल, शोभा विश्वास, बबीता विश्वास, सोमा दत्ता, मिनोती बनर्जी, मिताली रॉय चौधरी हैं। मौके पर महासचिव सुदीप मोइत्रा, उपाध्यक्ष द्वय तपन नाग, डीके बोस, समरजीत दत्ता, प्रशांत सरकार समेत सोसायटी के लोग मौजूद थे।

● सात दिवसीय शिविर में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हो रहे हैं विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान

# लक्ष्य जीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की स्वयंसेवकों ने दी शानदार प्रस्तुति, शिविर में होगा कौशल प्रदर्शन

**भिलाई।** राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम कुथरेल में वैशाली नगर महाविद्यालय भिलाई एवं सुराना कॉलेज दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित किया गया है।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा राज्य गीत और लक्ष्य जीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम समन्वयक आरपी अग्रवाल, ग्राम की सरपंच राजश्री प्रेरणा और सुराना कॉलेज की प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर पी अग्रवाल ने अपने उद्बोधन से स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े रहने के महत्व को बताया और कार्यक्रम अधिकारी डॉ चांदनी मरकाम और डॉ उमेश वैद्य के कार्यो और सुचारु रुप से शिविर आयोजन की सराहना की। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत करते हुए राज्य गीत लक्ष्य जीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।



### अभाव और समस्याओं से निपटने स्वयंसेवकों से की चर्चा



उद्घाटन सत्र के बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के शाम के सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें हेमचंद यादव राष्ट्रीय सेवा योजना के संभागीय अधिकारी जनेंद्र दीवान की उपस्थित रहे और प्रत्येक स्वयंसेवकों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की। उन्होंने शिविर में होने वाली समस्याओं और छात्र-छात्राओं की शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें सात दिवसीय शिविर के दौरान गांव में किस तरह से संपर्क स्थापित कर अपने व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न कार्य करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के संस्कृत शिक्षक डॉ अजय आर्य ने विद्यार्थियों से कहा कि संघर्ष और चुनौतियों से डरने वाला व्यक्ति कभी अपने व्यक्तित्व का विकास नहीं कर सकता। अभाव और समस्याएं ही व्यक्ति की परीक्षा करते हैं। अगर बीज मिट्टी में मिलने का साहस न पैदा करे तो उसका व्यक्तित्व उसके भीतर रहने वाला वृक्ष कभी पुष्पित व पल्लवित नहीं हो सकता। इसलिए कभी भी समस्याओं से घबराना नहीं चाहिए। वैशाली नगर महाविद्यालय के संस्कृत के प्राध्यापक महेश कुमार अलेंद्र ने अपने उद्बोधन से स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया। स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### हर क्षेत्र में होता है विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास-कुलसचिव

कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ कौशल विकास के अवसर प्रदान करता है। इन शिविरों में प्रत्येक विद्यार्थी के व्यक्तित्व का विकास हर क्षेत्र में होता है। सात दिवसीय विशेष शिविर में बच्चे अभाव में जीवन जीने की कला सिखते है और ग्राम संपर्क करने के बाद उसके अंदर अनेक प्रकार के कौशल कलाओं का विकास हो जाता है। सुराना महाविद्यालय की प्राचार्य ने भी शिविर में हर गतिविधियों से सीखने की बातें कही।



## एजुकेशन प्रतियोगिता

# थिंक बीज कॉम्पटीशन में बिजनेस आइडिया पर दिया प्रजेंटेशन, विजेताओं को मिला प्राइज

**भिलाई।** बिजनेस आइडिया पर प्रजेंटेशन देने थिंक बीज कॉम्पटीशन का आयोजन के के मोदी यूनिवर्सिटी दुर्ग में आयोजित किया गया था। कॉम्पटीशन के पहले राउंड में कुल 30 स्कूलों की टीम ने भाग लिया। जिसमें से सेकंड राउंड में कुल 7 स्कूल की टीम ही पहुंच पाईं। सेकंड राउंड में कुल 28 प्रजेंटेशन प्रस्तुत किए गए।

के के मोदी यूनिवर्सिटी दुर्ग में आयोजित थिंक बीज कॉम्पटीशन के फाइनल राउंड में केएच मेमोरियल स्कूल की टीम ने फर्स्ट प्राइज जीता। बिजनेस आइडिया पर प्रजेंटेशन देने को लेकर यह कॉम्पटीशन आयोजित किया गया था। टीम में शामिल स्टूडेंट्स शीतल और दिशा क्लास -11 के प्रजेंटेशन को निर्णायक मंडल ने सराहा और फर्स्ट प्राइज से सम्मानित किया। यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर डॉ. मोनिका सेठी शर्मा ने विजेता टीम को कैश सात हजार रु, ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित किया। केएच मेमोरियल स्कूल से कुल चार छात्राओं ने इसमें भाग लिया। शिक्षिका भूमिका राजपूत के नेतृत्व में स्टूडेंट्स शीतल, दिशा, आकांक्षा और तान्या ने दो टीम के रूप में अपना प्रजेंटेशन दिया। पहले राउंड में कुल 30 स्कूलों की टीम ने भाग लिया। सेकंड राउंड में कुल 7 स्कूल की टीम ही पहुंच पाईं। सेकंड राउंड में कुल 28




प्रजेंटेशन प्रस्तुत किए गए। फाइनल राउंड में कुल पांच प्रजेंटेशन प्रस्तुत किए गए, जिसमें केएच मेमोरियल स्कूल की टीम को फर्स्ट पोजीशन मिला। फाइनल राउंड पहुंचने वालों में केएच मेमोरियल स्कूल सहित अन्य स्कूल के बच्चे शामिल थे। सेकंड प्राइज नीरज पब्लिक स्कूल एवं थर्ड प्राइस ज्योति स्कूल को मिला। टीम के इस जीत पर केएच मेमोरियल स्कूल की प्रिंसिपल विभा झा ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तरह के कॉम्पटीशन से स्टूडेंट्स में छिपी प्रतिभाएं सामने आती हैं। जीत से उनका कॉन्फिडेंस बढ़ता है।

**केके मोदी यूनिवर्सिटी में आयोजित कॉम्पटीशन में 30 स्कूलों ने लिया भाग**

## आयोजन

# नाट्य मंचन के लिए कलाकारों का होगा चयन, तैयारी में जुटे



**भिलाई।** संस्कार भारती दुर्ग इकाई की नाट्य विधा टोली की बैठक संत श्री गजानन मन्दिर हुडको में संपन्न हुई। इस बैठक में अपने जिले में नाट्य विधा की गतिविधियों को आगे बढ़ाने और इससे जुड़े आवश्यक सभी बातों पर संस्कार भारती के सभी पदाधिकारियों के बीच सार्थक चर्चा हुई। चर्चा के दौरान सभी पदाधिकारियों द्वारा भिलाई के कलाकार निशु पाण्डेय को नाट्य मंचन के लिए कलाकारों के चयन व नाट्य निर्देशन की जिम्मेदारी दी गई। इस आयोजन में नाट्यविधा से जुड़े सभी पदाधिकारियों ने मिलकर कार्य करने के लिए सहमति दी। हेमंत सगदेव ने जानकारी देते हुये बताया की जल्द ही नाटक का चुनाव व नाटक के मंचन की तैयारी आरंभ कर दी जाएगी। अंत में कल्याण मंत्र के उच्चारण से बैठक का समापन हुआ। बैठक में अजय डांगे, वरदा जोशी, हेमंत जगम, निशु पांडे, हेमंत सगदेव उपस्थित प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

**संत गजानन मंदिर हुडको में हुई बैठक**

### अनीता आज आकाशवाणी में



**भिलाई।** मिसेज इंडिया कल्चरल एम्प्रेस 2024 की अनीता सरकार की विशेष भेटवार्ता आकाशवाणी रायपुर में आज 2 दिसंबर को प्रसारण होगा। अनीता सरकार व्याख्याता , एंकर मोटिवेटर व मिसेज इंडिया कल्चरल एम्प्रेस एमअआईओएन की टाइटल विजेता है। विजेता से मोनिका शर्मा की भेटवार्ता का प्रसारण ऑल इंडिया रेडियों रायपुर के बिंदिया कार्यक्रम में सोमवार की दोपहर 1.30 बजे किया जाएगा। बिदिंया कार्यक्रम में अनिता सरकार अपने जीवन के संघर्ष व सफलता के बारे में साक्षा करेगी।

## भारती विश्वविद्यालय द्वारा पीसेगाँव में मेरा भारत अभिमुखीकरण कार्यक्रम

# माई भारत पोर्टल से युवाओं को करियर काउंसलिंग स्किल ट्रेनिंग और रोजगार की मिल सकेगी जानकारी

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** युवाओं को करियर काउंसलिंग, स्किल ट्रेनिंग और रोजगार के अवसरों की हर एक जानकारी देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं को विभिन्न आय के साधनों और कार्यो की जानकारी दी गई। पंचायत कर्मचारियों तथा ग्रामीणों को माई भारत पोर्टल से जुड़ने अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन भारती विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा गोदग्राम पीसेगांव पंचायत भवन में किया गया। आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं गोदग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम ने अपने उद्बोधन में ग्रामीणों को माई भारत पोर्टल के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए बताया कि माई भारत पोर्टल पर देश के युवाओं को करियर काउंसलिंग, स्किल ट्रेनिंग और रोजगार (वैकेंसी) के अवसरों की हर एक जानकारी मिल सकेगी।



### ग्रामीण युवाओं को भी मिलेगा लाभ

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अनुसार माई भारत प्लेटफॉर्म को युवाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बनाया जाएगा और आने वाले समय में इस पोर्टल को नेशनल करियर सर्विस पोर्टल के साथ जोड़ दिया जाएगा। इस अभिनव पहल का लाभ ग्रामीण युवाओं को भी मिल पाएगा। जिससे वे कौशल प्रशिक्षण, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर, राष्ट्रीय स्तर की मेधावी युवा चेतना से जुड़ना, सामुदायिक स्वास्थ्य एवं विकास में सक्रिय भागीदारी, विभिन्न योजनाओं के निर्माण में सहभागिता जैसे अनेक सुअवसर एवं लाभ अर्जित कर सकते हैं। वक्ता ने बताया कि माई भारत पोर्टल से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि युवाओं को करियर विकास और कौशल में बढ़ोतरी के अवसर आसानी से मिलने लगेंगे। यह पोर्टल युवाओं को इंडस्ट्री, सरकार और एनजीओ में सीखने के अवसरों से जोड़ेगा। फिलहाल इस प्लेटफॉर्म पर 1.55 करोड़ युवा जुड़े हुए हैं और ये युवा अब सरकार की नई योजनाओं व अपने अनुभवों को कॉलेज छात्रों के साथ साझा करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पीसेगांव ग्राम पंचायत की सरपंच गुलाब बांधे ने अभिमुखीकरण कार्यक्रम को ग्रामीण समाज के विकास एवं युवाओं की प्रगति के लिए उपयोगी एवं सार्थक बताया। भारती विश्वविद्यालय द्वारा गोदग्रामों में लगातार विभिन्न कार्यक्रम सरपंच एवं पंचायत कार्यालय के संरक्षण में आयोजित किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण समाज के सर्वांगीण विकास में विश्वविद्यालय अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर सके। कार्यक्रम से बड़ी संख्या में ग्रामीणों को लाभ मिला। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. रोहित कुमार वर्मा सहित स्वयंसेवक लोकेंद्र मारकंडे, आदित्य कुमार सहित अन्य जनों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंतराष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में रायपुर की दिव्या को कांस्य पदक

**रायपुर।** ईस्ट एशिया म्यू थाई चैंपियनशिप



हॉंगकॉंग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहीं छत्तीसगढ की बेटी दिव्या अग्रवाल ने कॉंस्य पदक अपने नाम कर अपने देश भारत व राज्य छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया है।

इस चैंपियनशिप में यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के माध्यम से भारत का प्रतिनिधित्व कर रही ₹ब्लू कॉर्नर₹ से रायपुर (छत्तीसगढ़) की दिव्या अग्रवाल का सेमीफाइनल में ₹रेड कार्नर₹ से हॉंगकॉंग की खिलाड़ी होई ई वॉन्ग से मुकाबला हुआ।

फाइनल प्रवेश के लिए जोर आजमाइश करते ₹बगैर चेस्ट गार्ड₹ के खेले जाने वाले ₹फुल कॉन्टैक्ट गेम₹ में दोनो महिला खिलाड़ियों ने पूरा जोर लगा दिया। पंच, किक, नी, एल्बो के विभिन्न अनवरत वार करते हुए दोनो खिलाड़ी जबरदस्त खेल रहे थे। किन्तु भारत की दिव्या अग्रवाल को दो कॉउंट मिलने के बाद ₹प्लेयर सेफ्टी₹ पॉवर का उपयोग करते हुए सेन्टर रेफरी ने मुकाबला वही रोक हॉंगकॉंग की खिलाड़ी को विजेता घोषित किया और दिव्या अग्रवाल को कॉंस्य पदक मिला है।

### छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन में बीएसपी और कबीरधाम विजेता




**रायपुर।** 24वीं छत्तीसगढ़ सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2024-25 पुरुष एवं महिला का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र बाल बैडमिंटन क्लब एवं छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वाधान में भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन खेल परिसर, सेक्टर 4, भिलाई में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक किया गया। इस प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल भिलाई इस्पात संयंत्र विरुद्ध रायपुर खेला गया। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र ने 35-29, 35-23 से रायपुर को हराकर विजय रहा। दूसरा क्वार्टर फाइनल बालोद विरोध कबीरधाम खेला गया। जिसमें कबीरधाम ने बालोद को 35-05,35-19 से हराकर विजय प्राप्त की। तीसरे क्वार्टर फाइनल में महासमुंद ने गरियाबंद को 35-31, 35-26 से हराकर विजय प्राप्त की। चौथे क्वार्टर फाइनल में धमतरी ने बलोदा बाजार को 35-21, 35-21 से हराकर विजय रहा। सेमी फाइनल मुकाबला भिलाई इस्पात संयंत्र विरुद्ध धमतरी खेला गया जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र ने धमतरी को 35-28,35-37 35-21 से हारा कर फाइनल में प्रवेश किया। वही दूसरा सेमीफाइनल कबीरधाम विरुद्ध महासमुंद खेला गया कबीरधाम ने महासमुंद 35-29 35-22 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला भिलाई इस्पात संयंत्र विरुद्ध कबीरधाम खेला गया जिसमें कबीरधाम ने भिलाई इस्पात संयंत्र को 35-27 35-29 से हराकर प्रतियोगिता की चैंपियनशिप अपने नाम की। महिला वर्ग में प्रतियोगिता का विजेता क्रम में कबीरधाम,भिलाई इस्पात संयंत्र,.महासमुंद,धमतरी, बलोदा बाजार, गरियाबंद,बालोद और रायपुर शामिल हैं। वहीं पुरुष वर्ग में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले हुए। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र विरुद्ध धमतरी में बीएसपी 35-29, 35-25 से विजेता रहा। दूसरा क्वार्टर फाइनल दुर्ग निगम विरुद्ध बिलासपुर दुर्ग विजय 37-39 35-33, 35-30, दुर्ग निगम विजय तीसरा क्वार्टर फाइनल महासमुंद विरुद्ध कबीरधाम 35-31 35-28 महासमुंद विजय, चौथा क्वार्टर फैनल एनएमडीसी विरुद्ध गरियाबंद 35- 19, 35-26 एनएमडीसी विजय रहे। सेमी फाइनल में एनएमडीसी विरुद्ध भिलाई इस्पात संयंत्र 35-26,28-35,35-30 में भिलाई इस्पात संयंत्र ने विजयी रहकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल महासमुंद विरोध दुर्ग निगम के बीच खेला गया 35- 32 ,27-35,35-30, दुर्ग विजय रहकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला भिलाई इस्पात संयंत्र विरुद्ध दुर्ग निगम के मध्य खेला गया जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र ने दुर्ग निगम को हराकर 37-35 ,35- 33 से विजेता का खिताब हासिल किया। पुरुष वर्ग में विजेता टीमों का क्रम भिलाई इस्पात संयंत्र, दुर्ग,एनएमडीसी,महासमुंद, खैरागढ़, बिलासपुर, गरियाबंद और धमतरी रहे। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र एसटी एससी समाज के अध्यक्ष सुनील रामटेके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष डीजीएम, एमआर डी विभाग रज्जी उन्नी, छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद खान, भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ, के सचिव वाय राजा राव, छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष श्यामल बनर्जी, भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष नरेश चंद्राकर महासमुंद,भिलाई इस्पात संयंत्र बाल बैडमिंटन क्लब के सह सचिव नजीर अहमद खान, भिलाई इस्पात संयंत्र बाल बैडमिंटन क्लब के कोषाध्यक्ष जीएसएस प्रसाद, चीफ रेफरी, अंकित लुनिया महासमुंद ऋतु ठाकुर दुर्ग, रणविजय, एस कुमार, सेवन दास नामदेव, गोपाल साहू और अविनाश चौहान उपस्थित थे।

---

**बच्चों में बढ़ता मोटापा आज के दौर की बड़ी चुनौती, उपचार जरूरी**

# अगर आपका बच्चा भी है मोटापे का शिकार तो हो जाएं सावधान, खानपान में बरतनी होगी सावधानी

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बच्चों में मोटापे की समस्या के कारण भविष्य में हृदय रोगों के जोखिमों को लेकर सावधान किया है। अगर आपका बच्चा भी मोटापे का शिकार है और इसपर समय रहते ध्यान न दिया गया तो भविष्य में उसमें कई प्रकार की जानलेवा बीमारियां होने का जोखिम कई गुना तक बढ़ जाता है। अधिक वजन या मोटापे को स्वास्थ्य के लिए सबसे खराब स्थिति माना जाता है, जिन लोगों का वजन सामान्य से अधिक होता है उनमें कई प्रकार की गंभीर और क्रोनिक बीमारियों का खतरा भी अधिक देखा जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अपनी हाइट के अनुसार वजन को कंट्रोल में रखने की सलाह देते हैं।

वजन बढ़ना या मोटापा वैसे तो सभी उम्र के लोगों के लिए नुकसानदायक है, पर अध्ययनों में विशेषज्ञ बच्चों में बढ़ती इस समस्या को लेकर चिंता जता रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार अगर आपका बच्चा भी मोटापे का शिकार है।



## मोटापा के कारण होने वाली दिक्कतें

मोटापा से मतलब है कि अगर आपका बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) आपकी उम्र और लिंग के अन्य लोगों की तुलना में काफी अधिक है तो इसे मोटा कहा जाता है। बच्चों में मोटापे की समस्या में वैश्विक वृद्धि देखी जा रही है। भारतीय बच्चे भी इसका तेजी से शिकार हो रहे हैं।

कई शोध बताते हैं कि सामान्य से अधिक वजन की समस्या हृदय रोग और डायबिटीज का प्रमुख कारण है। बच्चों में या कम उम्र में वजन बढ़ने से किशोरावस्था या युवावस्था में इन बीमारियों का जोखिम और भी बढ़ जाता है। इसके कारण न सिर्फ क्वालिटी ऑफ लाइफ प्रभावित होती है साथ ही कई मामलों में इसके जानलेवा जोखिम भी हो सकते हैं।

## अधिक वजन वाले बच्चों में हृदय रोगों का खतरा

एक अध्ययन से पता चलता है कि बचपन में मोटापा के कारण आगे चलकर उच्च रक्तचाप, ब्लड लिपिड और ब्लड शुगर बढ़ने की समस्या हो सकती है, जिसे काफी गंभीर माना जाता रहा है। शोध में पाया गया है कि मोटे बच्चों में अन्य बच्चों की तुलना में वयस्कावस्था तक मोटापा बने रहने और इसके कारण हृदय रोग और डायबिटीज होने का खतरा पांच गुना तक अधिक हो सकता है।

लो बीएमआई वाले बच्चों की तुलना में हाई बीएमआई वाले बच्चों को 30-40 की उम्र में कार्डियोवैस्कुलर रोग होने का जोखिम 40 फीसदी तक अधिक हो सकता है। धूम्रपान और हाई बीएमआई के साथ ब्लड प्रेशर, लिपिड सहित अन्य जोखिम कारकों के कारण दिल का दौरा और स्ट्रोक होने की आशंका आठ से दस गुना अधिक होता है।

## वजन को कंट्रोल करने के उपाय करें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चो में बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता, स्क्रीन टाइम और बाहरी गतिविधियों-व्यायाम की कमी के कारण मोटापे का खतरा बढ़ता जा रहा है। आहार के संबंध में, बच्चों को पर्याप्त नाश्ता करना चाहिए, जंक-फास्ट फूड का अधिक सेवन, भोजन में नमक-चीनी की अधिकता के कारण वजन बढ़ता जा रहा है।

डॉक्टर कहते हैं, स्कूली उम्र के बच्चों कोप्रतिदिन कम से कम 60 मिनट मध्यम से लेकर जोरदार एरोबिक शारीरिक गतिविधि जरूर करनी चाहिए। इसके अलावा, मांसपेशियों को मजबूत करने वाली गतिविधियां सप्ताह में कम से कम तीन बार की जानी चाहिए।



---

# ऐसे संकेत बताते हैं आपकी बॉडी को डिटॉक्स करना हो गया जरूरी



हम सभी अपने शरीर की साफ-सफाई पर खासा ध्यान देते हैं, जिससे हम किसी भी तरह की बीमारी व गंदगी को खुद से दूर रख सकें। लेकिन अमूमन लोग इस सफाई को केवल बाहरी तौर पर ही सीमित रखते हैं, जब शरीर की अंदरूनी साफ-सफाई होना भी उतना ही जरूरी है। जब आपका शरीर अंदर से क्लीन होता है तो आप खुद में काफी हल्का महसूस करते हैं और आपके शरीर के सभी अंदरूनी अंग बेहतर तरीके से काम करते हैं। इससे आप अधिक खुश और एनर्जेटिक फील करते हैं। साथ ही साथ, इससे आप खुद को कई तरह की बीमारियों से बचाकर एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

अब सवाल यह होता है कि हमें यह कैसे पता चले कि हमारे शरीर को डिटॉक्स की जरूरत है। दरअसल, जब शरीर के अंदर गंदगी जमा होने लगती है और उसे डिटॉक्सिफिकेशन की जरूरत होती है तो ऐसे में हमारा शरीर खुद ही इसके संकेत देने लगता है। हालांकि, जानकारी के अभाव में हमें इसका पता नहीं चलता और हम खुद पर सही तरह से ध्यान नहीं दे पाते हैं। सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी ऐसे ही संकेतों के बारे में बता रही हैं-

## हर वक्त थकान महसूस होना

अगर अब आप खुद को पहले की तरह एक्टिव फील नहीं करती हैं। आपको हर वक्त थकान का अहसास होता है। यहां तक कि अपने रोजमर्रा का काम करने के लिए आपको खुद को पुश करना पड़ता है तो यह एक संकेत हो सकता है कि अब आपके शरीर को डिटॉक्स की जरूरत है। अगर आप



सोकर उठने के बाद भी फ्रेश फील नहीं करते हैं तो अब आपको खुद पर ध्यान देने की जरूरत है। दरअसल, शरीर में जमा टॉक्सिन्स आपके लीवर और किडनी के काम को कठिन बनाते हैं, जिससे आपको हरवक्त थका हुआ महसूस हो सकता है।

## पाचन से जुड़ी समस्याएं

अगर आपको पिछले कुछ वक्त से पाचन से जुड़ी समस्याओं जैसे पेट फूलना, गैस, या कब्ज आदि का सामना करना पड़ रहा है तो यह एक इशारा है कि अब आपको अपनी बॉडी को डिटॉक्स करना चाहिए। दरअसल, जब शरीर में टॉक्सिन्स जमा होने लगते हैं तो इससे सबसे ज्यादा भार पाचन तंत्र पर पड़ता है और ऐसे में आपको कई तरह की पाचन से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक डिटॉक्स से पाचन को रीसेट करने में मदद मिल सकती है।

## यह है एक्सपर्ट की राय

**मुंह या शरीर से बदबू आना_** कई लोगों की यह शिकायत होती है कि उनके मुंह से हमेशा ही अजीब सी बदबू आती रहती है। वहीं कुछ लोगों को नहाने के बाद भी खुद में से अजीब से महक महसूस होती है और वे इस महक को दूर करने के लिए माउथ फ्रेशनर या बॉडी परफ्यूम आदि का सहारा लेते हैं। लेकिन इसका एक कारण शरीर में जमा टॉक्सिन्स भी हो सकते हैं। दरअसल, जब आपके अंग सुस्त हो जाते हैं, तो ये बदबू बाहर आने लगती है।



---

# क्या उपहार में कांच की चीजें देना सही है?

वास्तु शास्त्र में गिफ्ट में क्या देना चाहिए और क्या नहीं देना चाहिए इसके बारे में विस्तार से बताया गया है। इसके साथ ही, कांच की चीजों को उपहार में देना सही है या गलत इसका वर्णन भी वास्तु शास्त्र में मौजूद है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से जानते हैं कि क्या किसी को उपहार में कांच की चीजें दे सकते हैं या नहीं।

## क्या गिफ्ट में कांच की चीजें देनी चाहिए?

अक्सर जब भी किसी को गिफ्ट देना होता है लोग ग्लास आइटम्स जैसे कि कांच के बर्तन, क्रिस्टल फूलदान, डिज़ाइनर मिरर आदि चीजों को चुनते हैं। जहां एक ओर ऐसी वस्तुएं गिफ्ट में देने के लिए बेहतरीन मानी जाती हैं क्योंकि यह सुंदर दिखने के साथ-साथ यूजफुल भी होती हैं तो वहीं, वास्तु शास्त्र में कांच की चीजों को उपहार में देने की मनाही है।

वास्तु शास्त्र कहता है कि हर धातु किसी न किसी प्रवृत्ति को दर्शाती है। ठीक ऐसे ही कांच दर्शाता है खंडित होने को। कांच एक ऐसी वस्तु है जिसके साथ अगर ज़रा भी लापरवाही की जाए तो यह जल्दी टूट जाती है। इसके अलावा, समय के साथ कांच पर निशान पड़ने शुरू हो जाते हैं। कांच की यही प्रवृत्ति घर-परिवार पर भी गहरा असर डालती है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर किसी को कांच की चीजें गिफ्ट में दी जाए तो कांच की प्रवृत्ति के प्रभाव से परिवार के सदस्यों के बीच रिश्ते बहुत कमजोर होते हैं और हल्की से विवाद पर भी रिश्ते बिखर कर टूट सकते हैं। वास्तु शास्त्र में ऐसा माना जाता है कि ग्लास आइटम्स गिफ्ट करने से उपहार देने वाले और लेने वाले दोनों के यहां क्लेश बढ़ता है।



---

# डोसा बेटर में इन ट्रिक्स से तुरंत उठेगा खमीर



डोसा बनाने में सबसे ज्यादा दिक्कत उसकी तैयारी करने में आती हैं, क्यूंकि इसके लिए हमें एक दिन पहले से दाल-चावल को भिगोना पड़ता है। इसके बाद अगले दिन उसे पीसकर खमीर उठने के लिए पूरा दिन इंतजार करना पड़ता है। यह प्रोसेस काफी लंबा हो जाता है। इसी के चलते कुछ लोगों को इसे बनाने में मुसीबत लगती है।

## इंस्टेंट खमीर के लिए अपनाएं ये ट्रिक्स

यदि आप भी डोसा बनाते हुए इस समस्या का सामना करती हैं, तो आज हम आपके लिए कुछ आसान सी ट्रिक्स लेकर आएं हैं। जिनके जरिये आप कुछ ही घंटों में डोसे के बेटर को फर्मेंट कर सकती हैं। इसके लिए बस आपको कुछ आसान से टिप्स फॉलो करने होंगे। जिसकी मदद से आप टेस्टी और क्रिस्पी डोसा बना पाएंगी।

## साबुत हरी मिर्च डालें

यदि आपको तुरंत डोसे के बेटर में खमीर उठाना है, तो आपको साबुत हरी मिर्च को उस बेटर में करीब 1-2 घंटे डालकर रखना है। कुछ देर बाद देखेंगे खमीर ऊपर आ जाएगा।

## गर्म पानी में रखें

इसके अलावा आप इंस्टेंट खमीर के लिए डोसे के बेटर को खौलते हुए किसी पानी के बर्तन में भी रख सकती हैं। कुछ घंटो में परफेक्ट बेटर तैयार हो जाएगा।

## इंस्टेंट यीस्ट

आप डोसे के मिश्रण में बाजार से लाकर इंस्टेंट यीस्ट को भी डाल सकती हैं। इसको डालते के कुछ देर बाद ही खमीर बर्तन में ऊपर तक आ जाएगा। कुछ लोग भटूरे बनाते समय भी इसका यूज करते हैं।

## कुकर का प्रयोग करें

आप प्रेशर कुकर को गैस पर रखकर उसमें पानी डालकर स्टीम बनाएं। अब गैस बंद करके डोसे के बेटर वाला बर्तन उसमें रखें। अब कुकर का ढक्कन लगा दें। कुछ घंटे बाद देखेंगे अच्छा खासा खमीर उठ जाएगा।

---

**कार्नर न्यूज**

**इस खास दिन को यादगार बनाने आपके पास और भी हैं विकल्प**

# शादी की सालगिरह है तो डिनर या गिफ्ट नहीं, इन यूनिक आइडिया से बनाएं खास

अगर आपकी शादी को कई साल बीत गए हैं और आप भी हर साल सालगिरह मनाने के लिए कुछ कॉमन तरीके अपनाते आ रहे हैं तो इस बार यूनिक आइडिया से जीवनसाथी को सरप्राइज दे सकते हैं।

शादी किसी भी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण है। हालांकि जीवन की नई शुरुआत शादी के बाद होती है। इस रिश्ते में बंधने के बाद हर साल लोग अपनी शादी को सेलिब्रेट करते हैं यानी शादी की सालगिरह मनाते हैं। शादी की सालगिरह एक जोड़े के प्यार और प्रतिबद्धता को याद करने का दिन होता है। रोजाना की व्यस्त जीवनशैली से अलग इस दिन कपल अपने रिश्ते पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एक दूसरे को खास महसूस कराने का प्रयास करते हैं। ऐसा करने के लिए वह अपने जीवनसाथी को तोहफा देते हैं, उनके साथ वक्त बिताते हैं। एक दूसरे की प्रशंसा करते हैं और जीवन में आने के लिए कृतज्ञता दिखता हैं। अगर आपकी भी शादी की सालगिरह आने वाली है, तो इस दिन को अपने जीवनसाथी के साथ खास तरीके से मनाएं। पहली शादी की सालगिरह हो या पांचवी और 15वीं कुछ यूनिक आइडियाज के साथ दिन को स्पेशल बनाया जा सकता है।



## ट्रिप पर जाएं

सालगिरह के मौके पर आप घर और शहर से दूर कहीं ट्रिप पर जाने की योजना बना सकते हैं। ट्रिप दो दिन की या फिर आपकी छुट्टियों के मुताबिक कई दिन की हो सकती है। इस तरह आप हर वक्त एक दूसरे के साथ रहेंगे। शादी की सालगिरह के मौके पर घूमेंगे, व्यस्त जीवनशैली की परेशानियों से अलग सिर्फ एक दूसरे के साथ वक्त बिताएंगे। ये आपके सेकेंड हनीमून की तरह भी हो सकता है। यकीनन आपके पार्टनर को ये आइडिया काफी पसंद आएगा।

इसे भी ट्विस्ट देने के लिए सरप्राइज ट्रिप प्लान कर सकते हैं। जैसे पार्टनर की पसंदीदा जगह के लिए फ्लाइट या ट्रेन टिकट पहले से बुक कर लें। पार्टनर को कोई अन्य वजह बोलकर छुट्टी के लिए दफ्तर में अप्लाई करने को बोल दें और ट्रिप के दिन उन्हें ये बोलकर सरप्राइज दें कि आप एनिवर्सरी ट्रिप पर जा रहे हैं।

## सरप्राइज पार्टी प्लान करें

अगर आप अपने जीवनसाथी के साथ लंच या डिनर के लिए घर से बाहर जा रहे हैं तो रेस्तरां में बात करके पहले से वहां डेकोरेशन करवा सकते हैं। चाहें तो अपने और उनके दोस्तों, करीबी रिश्तेदारों या परिवार के लोगों को पार्टी में आमंत्रित कर सकते हैं

## ऑफिस भेजें तोहफे

शादी की सालगिरह को खास बनाता है आपका दिया तोहफा। हर पार्टनर उम्मीद में रहता है कि उनके जीवनसाथी इस मौके पर उन्हें कुछ यादगार उपहार देंगे। लेकिन हर साल इस अलग इस बार तोहफा देते समय कुछ अलग कर सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# नाटक के मंचन के दौरान कनाडाई अभिनेता जूलियन की मौत

अभिनेता जूलियन अर्नोल्ड की अचानक मौत से उनके सभी चाहने वाले सदमें में हैं। जूलियन अर्नोल्ड, एडमोंटन के मूल निवासी और अल्बर्टा



विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र स्थानीय थिएटर समुदाय के प्रिय सदस्य थे, जिन्हें ₹ट्वेल्थ नाइट₹ जैसी प्रस्तुतियों और ₹ए क्रिसमस कैरोल₹ के कई प्रदर्शनों में उनकी भूमिकाओं के लिए याद किया जाता है। अभिनेता जूलियन अर्नोल्ड के आकस्मिक निधन से हॉलीवुड इंडस्ट्री सदमे में है। यह लोकप्रिय स्टार एडमोंटन के सिटाडेल थिएटर में थे। परफॉर्मेंस के दौरान उनकी मौत हो गई। सिटाडेल थिएटर ने एक बयान जारी किया, जिसमें लिखा था, ₹हमें यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि 24 नवंबर को ए क्रिसमस कैरल के प्रदर्शन के दौरान, एक लोकप्रिय कलाकार जूलियन अर्नोल्ड का दुखद निधन हो गया।₹ जूलियन अर्नोल्ड सभी के पसंदीदा स्टार थे। जूलियन अर्नोल्ड, एडमोंटन में पले-बढ़े हैं और उन्होंने जॉर्जेस पी. वेनियर सेकेंडरी स्कूल और अल्बर्टा विश्वविद्यालय से पढ़ाई की। 1989 में बीएफए के साथ स्नातक पास किया। 2006 में, उन्होंने अल्बर्टा विश्वविद्यालय से निर्देशन में एमएफए पूरा किया। जूलियन अर्नोल्ड उम्दा कलाकार थे और यही वजह है कि आज भी जूलियन अपने अभिनय के जरिए अपने प्रशंसकों के दिलों में जिंदा है। जूलियन अर्नोल्ड एक ऐसे कमाल के स्टार हैं, जिन्होंने अपने पीछे एक विरासत छोड़ी है। वह चले गए हैं लेकिन आज भी वह उपने फैंस के दिलों में बसे हुए हैं। शेक्सपियर की बारहवीं रात में फेस्टे के रूप में, 2017 में ए क्रिसमस कैरल में स्क्रूज और ए क्रिसमस कैरल के अपने अंतिम प्रदर्शन में फीजीविग और मार्ले के रूप में उनके काम के माध्यम से उनकी यादें, उन्हें लाखों लोगों के दिलों में जीवित रखेंगी। सोशल मीडिया पर दिवंगत स्टार को श्रद्धांजलि देने वाले कई पोस्ट हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिटाडेल थिएटर ने लिखा, ₹यह भारी मन से है कि हम सिटाडेल थिएटर के एक प्रिय अभिनेता और प्रिय मित्र जूलियन अर्नोल्ड के अचानक निधन की खबर साझा करते हैं।

### टॉलीवुड

# 'एल 2: एमपुरान' की शूटिंग पूरी, मोहनलाल-पृथ्वीराज का जलवा

मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'एल 2: एमपुरान' साल 2025 में आने वाली है। की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। हाल



ही में, दिग्गज अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की कि टीम ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। 'एल 2: एमपुरान' के आखिरी शॉट मलमपुझा जलाशय के किनारे शूट किया गया था। साउथ अभिनेता मोहनलाल ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म से जुड़ी 14 महीनों की अपनी इस यात्रा को दिखाया है। इस फिल्म की शूटिंग आठ राज्यों और 4 देशों में हुआ है। इस बात को खुद मोहनलाल ने ही बताया है। मोहनलाल ने लिखा, 'यह एल 2: एम्पुरान का समापन है! 8 राज्यों और 4 देशों, जिनमें यूके, यूएसए और यूएई शामिल हैं, में 14 महीने की एक अविश्वसनीय यात्रा। इस फिल्म का जादू पृथ्वीराज सुकुमारन के शानदार निर्देशन के कारण है, जिनकी रचनात्मकता हर फ्रेम को ऊपर उठाती है।' मोहनलाल ने लिखा,₹यह सब समर्पित कलाकारों और क्रू के बिना संभव नहीं होता, जिन्होंने इस कहानी को जीवंत किया। एल 2: एम्पुरान एक कलाकार के रूप में मेरी यात्रा का एक उल्लेखनीय अध्याय रहा है, जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।₹ एल 2: एम्पुरान फिल्म ग्लोबली अगले साल 27 मार्च 2025 में रिलीज होने वाली है। फिल्म को देखने के लिए मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन के प्रशंसक उत्साहित हैं। इस फिल्म में मुरली गोपी भी नजर आने वाले हैं। फिल्म मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली है।

### भोजपुरी

# ब्लैक आउटफिट में कश्मीर की कली बनीं अक्षरा, वादियों के बीच यूं दिए दिलकश पोज

भोजपुरी की सुपरस्टार एक्ट्रेस और सिंगर इन दिनों कश्मीर में वेकेशन मना रही हैं। जहां से अब कई तस्वीरें एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अक्षरा सिंह का कश्मीरी लुक नजर आ रहा है।



अक्षरा सिंह ने ये तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। तस्वीरों में अक्षरा सिंह का एक नया अंदाज देखने को मिल रहा है। अक्षरा इन तस्वीरों में कश्मीरी लुक में नजर आ रही हैं। जो हसीना वादियों के बीच पोज देती नजर आई। कश्मीर वेकेशन की इन तस्वीरों में अक्षरा सिंह ने ब्लैक कलर का सूट पहना हुआ है। जिसके साथ उन्होंने सिर पर एक स्कार्फ भी बांधा.वहीं कश्मीरी सूट के साथ अक्षरा सिंह ने वहां की ट्रेडिशनल ज्वेलरी भी पहनी है। इस लुक में भी भोजपुरी हसीना कहर ढा रही हैं।इसके अलावा एक फोटो में अक्षरा सिंह पिंक कलर के सूट में भी नजर आई।. उनकी ये तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं।बता दें कि अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और सिंगर हैं। जिनके हर गाने सोशल मीडिया पर बवाल काटते हैं।

## बाल्मैन का जादू

अफ्रीकी फैशन शो में बाल्मैन फाल 2024 ने खूब सुर्खियां बटोरी। छह दशक से जारी इस फैशन शो में दुनिया भर के माडल जोहान्सबर्ग पहुंचते हैं। दर्शकों के बीच भी यह फैशन शो बेहद लोकप्रिय है। यहां कई प्रतिष्ठित डिजाइनर भी अपना कलेक्शन लेकर पहुंचते हैं।




# फटी एड़ियों से राहत दिलाएंगे ये घरेलू नुस्खे, 15 दिन में दिखेगा आपको असर

वैसे तो सर्दियों का मौसम अपने साथ काफी अच्छी चीजें लेकर आता है, लेकिन इस मौसम में उन लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिनकी त्वचा संवेदनशील है। संवेदनशील त्वचा वाले लोगों की स्किन इस मौसम में काफी रूखी हो जाती है, जिस वजह से उन्हें काफी ध्यान रखना पड़ता है। हाथ-पैर और चेहरे के साथ-साथ इस मौसम में एड़ियां भी फटने लगती हैं। फटी एड़ियां एक आम समस्या है, जो ज्यादातर सर्दियों में होती है। इसका कारण शुष्क त्वचा, पोषण की कमी, पानी की कमी, या ज्यादा खड़े रहने जैसी आदतें हो सकती हैं। अगर आप भी इस परेशानी का सामना कर रहे हैं तो हमारे बताए हुए घरेलू उपाय अपनाएं। यदि घरेलू उपायों से राहत न मिले, तो त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें। गंभीर मामलों में यह संक्रमण या त्वचा की किसी और समस्या का संकेत हो सकता है।



### गुनगुने पानी में एड़ियों को भिगोकर रखना

फटी एड़ियों से राहत पाने का ये सबसे अच्छा तरीका है। इसके लिए एक टब में गुनगुना पानी लें और उसमें थोड़ा सा नमक और कुछ बूंदें नींबू का रस मिलाएं। अब अपने पैरों को 15-20 मिनट तक भिगोकर रखें। इसके बाद प्यूमिक स्टोन या फुट स्क्रबर से एड़ियों को हल्के से रगड़ें। ऐसा करने से एड़ियों की डेड स्किन भी निकल जाएगी।

### नारियल तेल या घी का उपयोग

यदि आपके पास नारियल का तेल रखा है तो रात में सोने से पहले एड़ियों पर नारियल तेल, घी या जैतून का तेल लगाएं। इसे अच्छी तरह मसाज करें और फिर मोजे पहन लें। 15 दिन तक ऐसा करने से एड़ियां मुलायम हो जाएंगी।

### शहद इस्तेमाल करें

शहद में पाए जाने वाले तत्व त्वचा को मुलामल बनाने का काम करते हैं। एक बाल्टी गुनगुने पानी में 2-3 चम्मच शहद मिलाएं। अब अपने पैरों को इसमें 15 मिनट तक भिगोएं। शहद त्वचा को मॉइस्चराइज करता है और नमी बनाए रखता है।

### एलोवेरा जेल

यदि आपके पास ताजा एलोवेरा जेल रखा है तो फटी एड़ियों के लिए इसका इस्तेमाल करें।

# शादियों में बिखेरना है जलवा तो इन आउटफिट को जरूर चुनें




जिस तरह से शादी का दिन दुल्हन के लिए खास होता है, ठीक उसी तरह से ये दिन दुल्हन की सहेलियों और बहनों के लिए भी बेहद अहम होता है। इसके लिए हर लड़की महीनों-महीनों पहले से ही अपने लिए आउटफिट का चयन करती है। आउटफिट से लेकर वो चाहती हैं कि उनकी ज्वेलरी और मेकअप भी सबसे अलग और हटकर दिखे। इस दिन दुल्हन की सहेलियां और बहनें ब्राइड्समेड का किरदार निभाती है।



ऐसे में यदि आप के घर में भी लड़की की शादी है और आप खूबसूरत ब्राइड्समेड बनकर जलवा बिखेरना चाहती हैं, तो हम आपको उसके लिए कुछ आउटफिट दिखाने जा रहे हैं। इस तरह के ट्रेंडी आउटफिट कैरी करके आप शादी में अपना जलवा बिखेर सकती हैं।

### हैवी वर्क गाउन



इस तरह का हैवी वर्क वाला गाउन आप तो शादी विवाह में कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आपको न को ज्यादा हैवी ज्वेलरी कैरी करनी पड़ेगी और न ही इसके साथ आपको ज्यादा डार्क मेकअप करना पड़ेगा। ऐसे लुक के साथ आप चाहें तो बालों को कर्ल कर सकती हैं।

### ग्लैमरस लहंगा

वैसे तो अक्सर ब्राइड्समेड हमेशा लहंगा ही पहनती हैं, लेकिन आप चाहें तो ग्लैमरस दिखने के लिए अपने लहंगे में थोड़ा ट्विस्ट ला सकती हैं। इसके लिए ब्लाउज को थोड़ा अलग स्टाइल में तैयार कराएं। आप इसे डीपनेक या फिर लेटेस्ट डिजाइन का बनवा सकती हैं।

### प्लाजो-क्रॉप टॉप और श्रग

यदि आप कुछ हल्का लेकिन स्टाइलिश सा पहनने का सोच रही हैं तो ये आउटफिट आपके लिए बेहतर विकल्प है। प्लाजो और क्रॉप टॉप के साथ आपका श्रग लंबा होना चाहिए, ताकि आपका लुक रॉयल दिखे। इसके साथ बालों में मेसी बन बनाएं।

# किस रंग के कपड़ों के साथ कैसी लिपस्टिक देगी परफेक्ट लुक? यहां जानें हर डिटेल

लिपस्टिक महिलाओं के मेकअप का एक अहम हिस्सा है। महिलाएं चाहे मेकअप का कोई भी सामान न खरीदें, लेकिन उनके पास लिपस्टिक का अच्छा-खासा कलेक्शन रहता ही है। सिर्फ एक लिपस्टिक ही महिलाओं के लुक को पूरी तरह से बदल सकती है।

वैसे तो लिपस्टिक का इस्तेमाल खूबसूरती को बढ़ाने के लिए ही होता है, लेकिन यदि इसके रंग का चयन सोच-समझ के न किया जाए तो गलत लिपस्टिक लगाने से लुक बिगड़ भी सकता है। कई बार तो गलत रंग की लिपस्टिक की वजह से लुक अजीब दिखने लगता है। ऐसे में हर महिला को इस बात की जानकारी अवश्य होनी चाहिए कि वो कैसे रंग के कपड़ों के साथ कैसी रंग की लिपस्टिक लगाएं।

यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। हम आपको आज बताएंगे कि आपको किस रंग के कपड़ों के साथ कैसी लिपस्टिक चुननी चाहिए। लिपस्टिक के रंग का चयन मेकअप के हिसाब से भी करना चाहिए।

**काले कपड़े:** यदि आप ब्लैक रंग के



आउटफिट कैरी कर रही हैं तो उसके साथ क्लासी लुक के लिए रेड लिपस्टिक, सॉफिस्टिकेटेड लुक के लिए वाइन रंग और मिनिमल लुक के लिए न्यूड शेड की लिपस्टिक का चयन करें।

**सफेद कपड़े:** यदि आप सफेद रंग का आउटफिट कैरी कर रही हैं तो एलिगेंट लुक के लिए गुलाबी या पीच टोन की लिपस्टिक, क्लासी लुक के लिए कोरल लिपस्टिक और बोल्ड लुक के लिए डार्क रेड लिपस्टिक कैरी करें।

# चेहरे पर कैसे करें टोनर का इस्तेमाल ? जानिए इसके फायदे और नुकसान

चेहरे की त्वचा को दमकाने के लिए आजकल लोग बाजार में मिलने वाले तमाम रेडीमेड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। प्रोडक्ट इस्तेमाल करने के साथ-साथ ज्यादातर लोग सीटीएम रूटीन फॉलो करना पसंद करते हैं। सीटीएम रूटीन हर किसी को फॉलो करना चाहिए। इसमें पहले क्लींजिंग, टोनिंग, और फिर मॉइस्चराइजिंग की जाती है।

सीटीएम रूटीन में त्वचा की टोनिंग के लिए ही टोनर का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में यदि आप भी चेहरे पर टोनर का इस्तेमाल करते हैं तो ये खबर आपके लिए है। यहां हम आपको टोनर इस्तेमाल करने के फायदे, नुकसान और इस्तेमाल का सही तरीका बताने जा रहे हैं। इस बारे में हर किसी को जरूर पता होना चाहिए। ताकि आपकी त्वचा पर किसी तरह की कोई परेशानी न होने पाए।

**ऐसे करें टोनर का इस्तेमाल:** टोनर का इस्तेमाल करना काफी आसान है। इसके लिए सबसे पहले अपने चेहरे को किसी अच्छे फेस वॉश या क्लींजर से धो लें। इससे धूल, गंदगी और मेकअप के अवशेष हट जाएंगे। इसके बाद कॉटन पैड लें और उसमें थोड़ा-सा टोनर डालें। अब इसे हल्के हाथों से चेहरे और गर्दन पर लगाएं। आंखों के आसपास के हिस्से को छोड़ दें। आप चाहें तो टोनर को स्प्रे बोतल में भी रख सकते हैं। इसे सीधा स्प्रे किया जा सकता है। टोनर लगाने के बाद त्वचा पर मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें।



**इस्तेमाल के समय इन बातों का रखें ध्यान:** यदि आप टोनर का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले इसे अपनी स्किन के हिसाब से ही इसे खरीदें। ऑयली स्किन के लिए एस्ट्रिंजेंट टोनर और ड्राई स्किन के लिए हाइड्रेटिंग टोनर बेहतर होते हैं। नेचुरल या हर्बल टोनर (जैसे गुलाब जल) का उपयोग करें, क्योंकि इनमें हानिकारक केमिकल कम होते हैं।

**ये हैं फायदे:** टोनर के इस्तेमाल से पहले इसके फायदे जान लें। ये त्वचा के पोर्स को डीप क्लीन करता है और इसकी अतिरिक्त तेल व गंदगी हटाता है।

## कार्नर न्यूज

## दुल्हन का श्रृंगार भाएगा सभी को, जब करेंगे इन्हें इस्तेमाल

# ब्राइडल किट में जरूर होनी चाहिए ये कुछ चीजें, वरना दुल्हन को होगी बड़ी परेशानी

*ब्राइडल किट में कुछ ऐसी चीजें होनी चाहिए, जिनकी जरूरत हर दुल्हन को पड़ सकती है। यहां हम आपको कुछ ऐसी ही चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं।*

*हर लड़की के लिए वो दिन सबसे खास होता है, जिस दिन वो दुल्हन बनती है। इस दिन के लिए लड़कियां पहले से ही काफी तैयारी करती हैं। अपने आउटफिट और मैचिंग ज्वेलरी से लेकर वो अपने मेकअप तक का खास ट्रेंड के हिसाब से ही चयन करती हैं। महीनों पहले से ही हर छोटी-बड़ी बात की योजना बनाने के बाद भी कई बार ऐसी गड़बड़ी हो ही जाती है, जिस वजह से लुक खराब होने का डर बना रहता है। ऐसे में हर दुल्हन को एक ब्राइडल किट तैयार करनी चाहिए। कुछ चीजें तो ऐसी हैं, जिन्हें ब्राइडल किट में शामिल जरूर करना चाहिए। इन चीजों की मदद से आप बड़ी परेशानी में फंसने से बच सकती है। ये चीजें आपके खास दिन आपकी मदद करेंगी।*



### मेकअप से जुड़े सामान

हर दुल्हन की ब्राइडल किट में लिपस्टिक, लिप ग्लॉस, या लिप बाम अवश्य होनी चाहिए। ये टच-अप के काम आएगी। इसके साथ-साथ मेकअप के अन्य प्रोडक्ट जैसे मस्कारा, लाइनर, ब्लश और हाइलाइटर भी ब्राइडल किट में अवश्य रखें।

### हेयर स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स

हर ब्राइडल किट में हेयर स्प्रे या हेयर सीरम अवश्य होना चाहिए। ये बालों को सेट करने में मदद करेगा। इसके साथ-साथ आपके पास हेयर पिन्स और क्लिप्स जरूर होनी चाहिए। ताकि यदि आपकी हेयर स्टाइल ढीली हो तो आप उसे सेट कर सकें।

**परफ्यूम:** शादी के समय थकान हो जाती है। ऐसे में थकान के बीच आपको अच्छा महकना बेहद जरूरी है। इसके लिए आपकी ब्राइडल किट में डिओड्रेंट और परफ्यूम जरूर रखें। अगर आप अच्छा महकेंगी तो लोगों को भी परेशानी नहीं होगी, और आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**बॉडी टेप:** बॉडी टेप एक ऐसी चीज है, जो आपकी कई परेशानियों का समाधान बनके सामने आ सकती है। इसका इस्तेमाल ज्वेलरी सेट करने से लिकर ब्लाउज और दुपट्टा सेट करने तक में किया जा सकता है। इसलिए ये आपके ब्राइडल किट में अवश्य होनी चाहिए।

**हर साइज की सेफ्टी पिन:** भले ही आउटफिट कितना भी महंगा हो, लेकिन कई बार ये आपको परेशानी में डाल सकती है। ऐसे में किसी भी इमरजेंसी के लिए ब्राइडल किट में हर साइज की सेफ्टी पिन्स जरूर होनी चाहिए। बड़ी सेफ्टी पिन लहंगे और ब्लाउज को सेट करने में मदद करेंगी, वहीं छोटी पिन दुपट्टे के लिए काम आ सकती हैं।

